## नोएडा में मजदूर आंदोलन पर पुलिस कार्रवाई की निंदा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नोएडा में मजदूरों द्वारा मांगों के समर्थन में चलाए जा रहे आंदोलन पर पुलिस कार्रवाई को लेकर ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर (एआईयूटीयूसी) मुरादाबाद शाखा ने कड़ी आपत्ति जताई है। सोमवार को बैठक में जिला सचिव संजीव शुक्ला के आवास पर वक्ताओं विचार रखे।

जिला सचिव ने सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली को गैर-जिम्मेदाराना और अलोकतांत्रिक बताया है। कहा कि बढ़ती महंगाई और कम वेतन पर अधिक समय तक काम करने की मजबूरी से मजदूर पहले ही परेशान हैं। ऐसे में जब मजदूरों ने जायज मांगों को लेकर आवाज उठाई, तो सरकार, श्रम विभाग और प्रबंधन द्वारा उन्हें गिरफ्तार किया जा रहा है। कहा कि सभी एफआईआर को तत्काल रद्द हो, गिरफ्तार किए गए मजदूरों एवं उनके नेताओं को रिहा करने की मांग भी की है

# मंडी सुधार को आए 11 करोड़ पांच माह से डंप

### आढ़तियों के विवाद के चलते विकास- आधुनिकीकरण का कार्य रुका

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- नई दुकानों, सड़कों और प्रकाश व्यवस्था के लिए मिली है रकम
- खराब सड़कों के कारण किसानों को उठानी पड़ रही परेशानी

**अमृत विचार :** करीब 46 वर्ष पूर्व सन् 1980 में स्थापित स्थानीय मंडी आज बदहाल स्थिति से जूझ रही है। मंडी के विकास और आधुनिकीकरण के लिए सरकार द्वारा स्वीकृत करीब 11 करोड़ रुपये की धनराशि पिछले पांच महीनों से निष्क्रिय पड़ी हुई है।

मंडी में नई दुकानों, सड़कों और प्रकाश व्यवस्था को सुधारने के लिए यह बजट जारी किया गया था। इसमें बी क्लास की 14 दुकानों के निर्माण के लिए लगभग 6 करोड़ रुपये तथा सी क्लास की 72 दुकानों के निर्माण के लिए करीब पांच करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। हालांकि, मंडी के आढ़तियों द्वारा प्रस्तावित निर्माण कार्यों का विरोध किए जाने के चलते मंडी प्रशासन ने निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है। विरोध के कारण विकास योजनाएं ठप पड़ गई हैं और स्वीकृत धनराशि उपयोग में नहीं लाई जा सकी है। स्थानीय व्यापारियों और किसानों का कहना है कि मंडी की खराब सड़कों, जर्जर दुकानों और अपर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद सुधार कार्यों में हो रही देरी चिंता का विषय बनी हुई है।अब सवाल यह है कि जब विकास के लिए उपलब्ध संसाधनों का उपयोग ही नहीं हो पा रहा, तो मंडी की बदहाल स्थिति में सुधार कब और कैसे होगा।

> पहले आढ़ती मंडी में बनी दुकानों की खस्ता हालत को सुधारने के कई प्रदर्शन तक कर चुके हैं। काफी प्रयास के बाद सरकार ने मंडी के सौंदर्यीकरण के लिए इस बार बड़ी धनराशि आवंटित की है तो अब कुछ आढ़ती इसका विरोध कर रहे हैं। निर्माण की धनराशि अभी वापस नहीं की गई है। यदि आढ़तियों की आपसी सहमति बनती है तो निर्माण कराया जाएगा।
>
> **संजीव कुमार**, मंडी सचिव नवीन फल सब्जी मंडी

## विवि छात्र 16 तक ऑनलाइन भरें परीक्षा फॉर्म

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के छात्रों के लिए राहत भरी खबर है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने वार्षिक प्रणाली के अंतर्गत संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के मुख्य परीक्षा फॉर्म भरने की तिथियों को दोबारा विस्तारित कर दिया गया है।

कुलपति सचिन माहेश्वरी ने सोमवार को बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 के प्रथम वर्ष के लिए कोर्स सेलेक्शन एवं परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया 13 अप्रैल से दोबारा प्रारंभ हो गई है। छात्र-छात्राएं 16 अप्रैल तक ऑनलाइन माध्यम से अपना परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे, जबकि भरे हुए फॉर्म को संबंधित महाविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल निर्धारित की गई है। महाविद्यालयों को 18 तक सभी आवेदन पत्रों का ऑनलाइन सत्यापन करना होगा।

## फिलिस्तीनी राजदूत के कार्यक्रम को लेकर उलेमाओं से मिले नवेद



नूर महल में उलेमा से बातचीत करते पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- सौलत लाइब्रेरी और जामा मस्जिद जाएंगे राजदूत

**अमृत विचार:** भारत में फिलिस्तीन के राजदूत अब्दुल्ला मोहम्मद अबू शावेश रामपुर आएंगे। वह सौलत पब्लिक लाइब्रेरी और जामा मस्जिद का दौरा करेंगे।

पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने सोमवार को नूर महल में उलेमाओं के साथ बैठक कर फ़िलिस्तीन के राजदूत के कार्यक्रम को लेकर चर्चा की। नवेद मियां ने ईरान और फिलिस्तीन के हालात पर चिंता व्यक्त की। बताया कि उन्होंने फिलिस्तीन के राजदूत से रामपुर आने का आग्रह किया था, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस मौके पर शहर इमाम हजरत मौलाना मौलवी मोहम्मद नासिर खां, शिया धर्मगुरु इमामे जुमा शिया जामा मस्जिद सैयद अली मोहम्मद नक़वी, इमामे जमात मस्जिद किला मौलाना ज़मा बाक़री, मस्जिदे ज़हरा के इमाम मौलाना सैयद मूसा रज़ा, मौलवी शाह खालिद खां, नवेद मियां के पीआरओ काशिफ खां, माजिद खां उर्फ राजा खां हसन मेहदी आदि मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति 5.0 : महिलाओं को किया गया जागरूक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मिशन शक्ति 5.0 विशेष अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत सोमवार को जनपद में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुए। जीवन प्रगति संस्थान में टॉक शो विद आइडल्स कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुनेश शर्मा ने जीवन संघर्षों को साझा करते हुए बताया कि पति की मृत्यु के बाद भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। मझोला क्षेत्र में ऑपरेशन मुक्ति के तहत अक्षय तृतीया पर बाल विवाह के दुष्परिणामों की जानकारी दी, साथ बताया कि यह एक दंडनीय अपराध है, जिसके लिए सजा एवं जुर्माने का प्रावधान है। मनोसामाजिक परामर्शदाता तनीष दिवाकर, चाइल्ड लाइन कोऑर्डिनेटर तबस्सुम, सुपरवाइजर शाहनवाज आलम, विधिक सेवा प्राधिकरण से नीतू सक्सेना, थाना मझोला से सब-इंस्पेक्टर मोनिका चौधरी, दीपिका मलिक, पायल श्रीवास्तव मौजूद रहीं।

## पांच क्रिकेटर का केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन



प्रशिक्षण शिविर में चयनित क्रिकंटर। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कानपुर में 15 से 29 अप्रैल तक होगा शिविर, प्रदेशीय प्रतियोगिता में प्रदर्शन का मिला उपहार

**अमृत विचार :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम के पांच प्रशिक्षु क्रिकेट खिलाड़ियों करनवीर, प्रतीक, कुनाल, सिद्धार्थ और शिवांक का चयन क्रिकेट के केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए हुआ है। यह शिविर 15 से 29 अप्रैल तक कानपुर में आयोजित किया जाएगा।

इन खिलाड़ियों का चयन तीन से छह अप्रैल तक कानपुर में आयोजित प्रदेशीय क्रिकेट प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।

शिविर के दौरान खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में संचालित आवासीय क्रिकेट छात्रावासों के लिए भी चयन किया जाएगा। सभी चयनित खिलाड़ी सोनकपुर स्टेडियम में क्रिकेट प्रशिक्षक एवं क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार सिंह के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जहां उन्हें खेल की बारीकियां सिखाई जा रही हैं।

खिलाड़ियों के चयन पर उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव अजय पाठक के साथ बैडमिंटन प्रशिक्षक आसिफ सिद्दीकी, कुश्ती प्रशिक्षक गोविंद कुमार यादव, एथलेटिक्स प्रशिक्षिका ललिता चौहान, वालीबॉल प्रशिक्षिका निशा, फुटबॉल प्रशिक्षक सचिन विश्नोई, खो-खो प्रशिक्षक धीरज कुमार, हॉकी प्रशिक्षिका नेहा सिंह ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




## नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाएं होंगी मजबूत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** समाज की प्रभावशाली, प्रबुद्ध, शिक्षाविद व समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी महिलाओं ने सोमवार को सिविल लाइंस स्थित लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान संबंध में जानकारी दी।

बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान की महानगर संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर कहा कि महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से नीति निर्माण की दिशा अधिक संवेदनशील और समावेशी बनेगी। नारी शक्ति सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि नए भारत की सबसे बड़ी ताकत है।" इस अधिनियम के लागू होने के बाद लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण हासिल होगा। इससे नीति निर्माण अधिक संवेदनशील और जन-केंद्रित होगा। सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट की ट्रस्टी शिखा गुप्ता ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर बताया कि "जब नारी सशक्त होती है, तो समाज सशक्त होता है, और जब समाज सशक्त होता है, तो राष्ट्र मजबूत होता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मेरठ प्रांत में महिला समन्वय की प्रांत सह संयोजिका मेजर डॉ मीनू मेहरोत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार द्वारा लाया गया नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 भारत के लोकतांत्रिक यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। महिला रोग विशेषज्ञ डा नीतू रस्तोगी ने कहा कि विकसित भारत 2047 का सपना, महिला नेतृत्व के बिना अधूरा है। आर्ट आफ लिविंग से जुड़ी योग प्रशिक्षिका रितु नारंग ने कहा कि यह कानून सिर्फ आरक्षण नहीं, सिस्टम सुधार है। यह सामाजिक न्याय, समान अवसर और सशक्त लोकतंत्र का प्रतीक है। इस दौरान भाजपा प्रांतीय परिषद सदस्य निमित जायसवाल, भाजपा महानगर महामंत्री विशाल त्यागी, जिला महामंत्री नवीन चौधरी, मीडिया प्रभारी अर्चित गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष मयूर भाटिया आदि उपस्थित रहे।




नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संबंध में वार्ता करतीं समाज की प्रबुद्ध महिलाएं।

- महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से नीति निर्माण की दिशा अधिक संवेदनशील और समावेशी बनेगी
- अधिनियम लागू होने से महिलाओं को संसद में मिलेगा 33 फीसदी आरक्षण



## शहर में आज

- मार्डन पब्लिक स्कूल में राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता 11 :00 बजे।
- लालबाग स्थित काली मंदिर में सायंकालीन आरती 7 :00 बजे।

# तापमान में 3-5 डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी के संकेत

## मौसम के तेवर तल्ख, चटख धूप से बढ़ी गर्मी, हवा का असर हुआ कमजोर, अप्रैल के अंत तक पड़ेगी तेज गर्मी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मौसम तेजी से बदल रहा है। बीते कुछ दिनों से तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा था। इसके बीच तेज हवा ने असर दिखाया। अब मौसम धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है। हवा का प्रभाव कमजोर पड़ने के साथ ही तापमान बढ़ रहा है।

सोमवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा और दिन चढ़ने के साथ तेज धूप ने लोगों को परेशान किया। दोपहर के समय चटख धूप के कारण सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया। बाजारों में भी दोपहर के समय अपेक्षाकृत कम भीड़ नजर आई, जबकि जरूरी काम से बाहर निकले लोग धूप से बचने के लिए छांव तलाशते दिखे। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे गर्मी और अधिक बढ़ेगी। तेज धूप और बढ़ती गर्मी के बीच लोगों ने राहत पाने के लिए ठंडे पेय पदार्थों और मौसमी फलों का सहारा लेना शुरू कर दिया है। शहर के विभिन्न बाजारों में खरबूज और तरबूज की बिक्री बढ़ी। राहगीर भी छांव में कुछ देर रुककर राहत लेते दिखे। मौसम विभाग के अनुसार अप्रैल के अंत तक गर्मी अपने तेवर में दिखेगी। ऐसे में अस्पतालों में इलाज के लिए पहुंच रहे मरीजों के साथ ही तीमारदारों को भी डॉक्टर स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने और धूप में बाहर निकलते समय जरूरी सावधानियां बरतने की सलाह दे रहे हैं।


मझोला स्थित शोरूम में बिक्री के लिए रखे इलेक्ट्रॉनिक आइटम। ● अमृत विचार

- दिन चढ़ने के साथ ही तेज होती धूप ने लोगों को किया परेशान

### इलेक्ट्रॉनिक बाजार में रौनक, एसी-फ्रिज की बिक्री में तेजी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गर्मी के तेवर तेज होते ही शहर के इलेक्ट्रॉनिक बाजारों में रौनक बढ़ गई है। धूप और बढ़ते तापमान से राहत पाने के लिए लोग बड़ी संख्या में एसी और फ्रिज आदि की खरीदारी कर रहे हैं। दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही लगातार बढ़ रही है, जिससे व्यापारियों के चेहरे खिले हुए हैं। दुकानदारों के अनुसार इस बार ग्राहकों की पसंद में बदलाव साफ नजर आ रहा है। लोग अब केवल कूलिंग ही नहीं, बल्कि बिजली की बचत को भी प्राथमिकता दे रहे हैं। इसी वजह से 5-स्टार और 3-स्टार रेटिंग वाले उपकरणों की मांग तेजी से बढ़ी है। रामपुर रोड स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक शोरूम के मैनेजर राहुल ने बताया कि इस सीजन में डबल इन्वर्टर एसी ग्राहकों की पहली पसंद बने हैं। इन एसी की खासियत कम बिजली खपत के साथ ज्यादा कूलिंग देना है, जिससे लंबे समय में उपभोक्ताओं को फायदा मिलता है। वहीं, फ्रिज की बात करें तो सिंगल डोर की बजाय डबल डोर मॉडल की मांग अधिक देखी जा रही है। इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में ग्राहकों की बढ़ती संख्या का बड़ा कारण आसान फाइनेंस सुविधा भी है। ग्राहक बिना ज्यादा आर्थिक दबाव के महंगे उपकरण खरीद पा रहे हैं। कोर्ट रोड के व्यापारी सुमित के अनुसार, जीरो डाउन पेमेंट, आसान किस्तों और आकर्षक कैशबैक ऑफर्स ने ग्राहकों को खरीदारी के लिए प्रेरित किया है। व्यापारियों का कहना है कि कंपनियां भी ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नए फीचर्स और बेहतर तकनीक वाले उत्पाद बाजार में उतार रही हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में बिक्री और बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

### सरकारी कार्यालयों में रखें शुद्ध पेयजल का इंतजाम

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गर्मी बढ़ने के साथ लोगों के हलक सूख रहे हैं। सरकारी कार्यालयों में अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ ही आगंतुकों और फरियादियों के लिए भी शुद्ध पेयजल का प्रबंध सुनिश्चित करने का निर्देश जिलाधिकारी अनुज सिंह ने विभागाध्यक्षों को दिया है। भीषण गर्मी में प्यास के लिए सरकारी कार्यालयों में कर्मचारियों के साथ ही आगंतुकों और फरियादियों को भटकना न पड़े। इसके लिए समय से पहले शुद्ध पेयजल का प्रबंध करने के लिए प्रशासन की ओर से निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा है कि सरकारी कार्यालयों में स्वयं के साथ आगंतुकों के लिए भी पीने के शुद्ध पानी का प्रबंध रखें। साथ ही कहीं भी पेयजल की अनावश्यक बर्बादी न हो इसका भी ध्यान रखना होगा। सार्वजिक प्याऊ को भी दुरूस्त कराने के लिए उन्होंने निर्देश दिया है।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, विरोध पर मारपीट की

- पीड़िता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना कटघर क्षेत्र में युवती के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने, विरोध करने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना कटघर के प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने सोमवार को बताया कि पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता का आरोप है कि शाने आलम निवासी थांवला थाना बिलारी मुरादाबाद ने युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। जब युवती ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी शाने आलम को सोमवार दोपहर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### इंद्रियों पर नियंत्रण से परमात्मा को कर सकते हैं प्राप्त

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आर्य समाज स्टेशन रोड पर सोमवार को हवन यज्ञ किया गया। पुरोहित पं. वीरेंद्र आर्य की मौजूदगी और मंत्री प्रभा नारंग की यजमानी में यज्ञ किया गया। प्रधान शन्नो देवी, भावना रुहेला, उषा गुप्ता, सुनीता गुप्ता, वसुधा रस्तोगी आदि ने यज्ञ में आहुतियां डालीं। सामवेद पंचम प्रपाठक के प्रथम मन्त्र में बताया गया कि हमें इंद्रियों का दास बनकर नहीं रहना चाहिए, बल्कि हमारे अनुसार इंद्रियां चलनी चाहिए तभी हम परमपिता परमात्मा को प्राप्त कर सकते हैं।

### जुआ खेलते पकड़े गए 9 आरोपी, 76 हजार बरामद

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना सिविल लाइन पुलिस ने सड़क किनारे खुलेआम जुआ खेलने वाले 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पकड़े गए आरोपियों ने 76 हजार 850 रुपये नकद बरामद किए हैं। सिविल लाइन्स पुलिस की सोमवार को छापेमारी के दौरान कई आरोपी जुआ खेलते हुए पकड़े गए, इन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपी थाना सिविल लाइन क्षेत्र के हरथला व आसपास के इलाकों के निवासी बताए गए हैं। थाना में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### गेहूं के खेत में लगी आग भूसा जलकर राख

**डिलारी, अमृत विचार :** गांव फरीदपुर कासम में गेहूं के कटे खेत में आग लगने से 50 बीघा से अधिक का भूसा जलकर राख बन गया। सोमवार दोपहर 2 :00 किसानों के कटे गेहूं के खेत में बीड़ी की चिंगारी से आग लग गई। आग की तेज लपटें उठती देख आसपास काम कर रहे किसान दौड़कर घटना स्थल पर पहुंचे। गनीमत रही कि खड़े गेहूं के खेतों में चिंगारी नहीं पहुंची।

# महंगाई भत्ता और चिकित्सा भुगतान में देरी पर जताया रोष

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राजकीय सिविल पेंशनर्स परिषद की मासिक बैठक एवं ईद-होली मिलन समारोह सोमवार को कोषागार कार्यालय परिसर स्थित पेंशनर्स कक्ष में आयोजित किया गया। बैठक में पेंशनर्स से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। काव्य गोष्ठी का आयोजन भी हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेम प्रकाश सक्सेना ने की। उन्होंने बताया कि आठवें वेतन आयोग को लेकर अभी स्पष्ट स्थिति सामने नहीं आई है, हालांकि अप्रैल के अंत में नई दिल्ली में बैठकों का कार्यक्रम प्रस्तावित है। सदस्यों ने जनवरी से देय महंगाई भत्ते की किस्त की घोषणा न होने पर नाराजगी जताई और सरकार से शीघ्र निर्णय लेने की मांग की। साथ ही राशिकरण कटौती पर भी जल्द फैसला करने की मांग उठाई गई। आपूर्ति विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति भुगतान में हो रही देरी पर भी चिंता व्यक्त की। कहा कि निर्धारित समयसीमा के भीतर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। कवि योगेंद्र वर्मा व्योम ने जीवन को सकारात्मक दिशा देने वाली पंक्ति लोभ, क्रोध, मद, द्वेष, छल, अहम-वहम सब छोड़ चलो, बना लें खुशनुमा जीवन का हर मोड़ पढ़ी। फक्कड़ मुरादाबादी ने हास्य-व्यंग्य के माध्यम से श्रोताओं को गुदगुदाया। वहीं, मयंक शर्मा ने प्रेम और स्थायित्व के भावों से ओत-प्रोत पंक्ति प्रीत रंग को रखा है संभाल, ये रंग न उतरे कभी प्रस्तुत की। तीनों कवियों की प्रस्तुतियों पर सभागार तालियों से गूंज उठा। अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।


पेंशनर्स परिषद की मासिक बैठक में कविता पाठ करते फक्कड़ मुरादाबादी।

- पेंशनर्स परिषद की मासिक बैठक में काव्य गोष्ठी के साथ अन्य मुद्दों पर चर्चा

### दिवंगत कांग्रेस नेत्री मोहसिना किदवई को दी श्रद्धांजलि

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भूड़ा का चौराहा स्थित महानगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर सोमवार को कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री और पूर्व मंत्री मोहसिना किदवई को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनके चित्र पर महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जुनैद इकराम आदि ने पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस दौरान नजाकत ठेकेदार, दानिश कुरैशी, बन्ने पहलवान, मुशाहिद चौधरी, अनस परवेज, नदीम, अमान गुल्लू, शमशेर, मुहम्मद नासिर, मुहम्मद रफी, फैजान अंसारी, अब्दुल रऊफ, जमीर अंसारी व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।


मोहसिना को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी।

# मुरादाबाद, आजमगढ़, अलीगढ़ और देवीपाटन मंडल विजयी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अंडर-20 अंतर मंडलीय प्रदेश स्तरीय फुटबॉल चैंपियनशिप का सोमवार को मॉडर्न पब्लिक स्कूल के मैदान पर शुभारंभ सऊद आलम ने फीता काटकर किया। पहले दिन चार मुकाबले खेले गए। पहला मैच सहारनपुर और अलीगढ़ मंडल के बीच खेला गया, जो निर्धारित समय में बराबरी पर समाप्त हुआ।

टाइब्रेकर में अलीगढ़ ने तीन-एक से जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला आजमगढ़ और बरेली के बीच हुआ, जिसमें आजमगढ़ ने एकतरफा प्रदर्शन करते हुए पांच-एक से जीत हासिल की। तीसरा मुकाबला मुरादाबाद और अयोध्या मंडल के बीच खेला गया, जो बेहद रोमांचक रहा। दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया, लेकिन मुरादाबाद को मिली पेनाल्टी को खिलाड़ी निखिल ने गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद निखिल ने एक और गोल दाग कर मुरादाबाद को दो-शून्य से जीत दिलाई। अंतिम मैच देवीपाटन और चित्रकूट मंडल के बीच खेला गया। यह मुकाबला भी बराबरी पर समाप्त हुआ, जिसके बाद टाइब्रेकर में देवीपाटन ने पांच-चार से जीत दर्ज की। इस मौके पर मुख्य अतिथि उरमू मंत्री धर्मवीर सिंह, संभल के सहायक सचिव हाजी शारीक हुसैन, अमरोहा के सहायक सचिव रिजवान पाशा, सचिव मुहम्मद नसीम इकबाल, एमपीएस के कनवीनर सुशील सिंह, प्रिंसिपल शकील अहमद, जिला फुटबॉल एसोसिएशन मुरादाबाद के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट उस्मान खान, सहायक सचिव आमिर मिर्जा, सुरेंदर पाल सिंह, कोषाध्यक्ष शुजा उद्दीन खान, मंसूर अली आदि रहे।


मॉडर्न पब्लिक स्कूल के मैदान पर राज्य स्तरीय फुटबॉल चैंपियनशिप में खेलते खिलाड़ी।

- प्रदेश स्तरीय फुटबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ, पहले दिन खेले गए चार मैच

# काली माता मंदिर भूमि पैमाइश की रिपोर्ट आने में होगी देरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- राजस्व निरीक्षक बोले- पैमाइश की रिपोर्ट अभी तैयार नहीं, प्रक्रिया चल रही
- पहले सोमवार तक आने की थी उम्मीद, अब बुधवार तक आने की संभावना

**अमृत विचार :** लालबाग स्थित प्राचीन काली माता मंदिर की जमीन की पैमाइश के बाद तैयार होने वाली रिपोर्ट में देरी हो गई है। पहले यह रिपोर्ट सोमवार तक आने की संभावना जताई गई थी, लेकिन अब राजस्व विभाग ने इसके बुधवार तक जारी होने की उम्मीद जताई है।

राजस्व विभाग की टीम ने शनिवार को राजस्व निरीक्षक ब्रह्मपाल सिंह के नेतृत्व में काली मंदिर परिसर और उससे संबंधित भूमि की पैमाइश की थी। इस दौरान अभिलेखों में दर्ज जमीन और मौके की स्थिति का मिलान किया गया था। विभाग की ओर से बताया गया था कि पूरी प्रक्रिया की रिपोर्ट तैयार कर सोमवार तक प्रस्तुत कर दी जाएगी। राजस्व निरीक्षक ब्रह्मपाल सिंह ने बताया कि रिपोर्ट अभी पूरी तरह तैयार नहीं हो सकी है। मापन से जुड़े आंकड़ों और अभिलेखों का मिलान किया जा रहा है, जिसके चलते थोड़ा समय लग रहा है। अब रिपोर्ट के बुधवार तक जारी होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट तैयार होने के बाद मंदिर की भूमि की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार के विवाद या भ्रम की स्थिति से बचा जा सकेगा।

# करियर विकल्पों के बारे में बताया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** रोटरी क्लब मुरादाबाद नव्यम और जेनेसिस के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए विशेष करियर गाइडेंस कार्यक्रम 'प्रोजेक्ट नींव' का आयोजन सोमवार को पंचायत भवन सभागार में किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी रुचि, क्षमता और कौशल के अनुरूप सही करियर की दिशा प्रदान करना था। विशेषज्ञों ने बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध करियर विकल्पों, आवश्यक योग्यताओं तथा भविष्य की संभावनाओं की जानकारी दी।

वक्ताओं ने कहा कि जीवन के दो सबसे महत्वपूर्ण दिन होते हैं - एक जब हम जन्म लेते हैं और दूसरा जब हम यह समझ लेते हैं कि हम क्यों पैदा हुए हैं, इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को अपने जीवन का उद्देश्य पहचानना चाहिए और उसी दिशा में निरंतर प्रयास करना चाहिए। आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल शैक्षणिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यावहारिक कौशल, आत्मविश्वास और निरंतर सीखने की प्रवृत्ति ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को नई-नई स्किल्स विकसित करने, अपने लक्ष्य निर्धारित करने तथा अनुशासन और समर्पण के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। कुंदरकी विधायक ने भी अपने जीवन के संघर्षों और अनुभवों को साझा करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। मुख्य अतिथि रोटरी डिस्ट्रिक्ट-3100 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नितिन अग्रवाल रहे। विशिष्ट अतिथि ईपीसीएच के चेयरमैन नीरज विनोद खन्ना, यस के चेयरमैन जेपी सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता शरमिताभ सिन्हा, आईएफटीएम के डायरेक्टर डॉ. वीके सिंह, जेनेसिस मुरादाबाद के डायरेक्टर इंद्रजीत सिंह, डॉ. मन्जेश राठी, डॉ. गौरव कुमार, जसवीर सिंह की मौजूदगी में कार्यक्रम हुआ।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्रा और मंचासीन अतिथि।

### 1.705 किलो चरस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइन्स थाना पुलिस ने नशीले पदार्थ के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 1.705 किलोग्राम चरस बरामद की है।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सिविल लाइन मनीष सक्सेना ने सोमवार को बताया कि आदर्श कॉलोनी क्षेत्र से दो आरोपी शेखर व आदित्य उर्फ गोमशी को गिरफ्तार किया गया है। दो थाना सिविल लाइन में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि अधिक मुनाफे के लालच में वे चोरी-छिपे चरस की खरीद-फरोख्त कर रहे थे।

# अतिक्रमण से बढ़ रहा आग से नुकसान दायरा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- ग्रामीण क्षेत्रों में संसाधनों की कमी के चलते आग बुझाने में आ रही दिक्कत

**अमृत विचार :** नगर में बढ़ते अतिक्रमण और ग्रामीण क्षेत्रों में संसाधनों की कमी के चलते आग लगने की घटनाओं में नुकसान का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। इसको लेकर जनता में रोष भी बढ़ता नजर आ रहा है।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ राजीव कुमार पांडेय ने सोमवार को बताया कि नगर में हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र भेजे गए, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। महानगर के पुराने मोहल्लों रेती स्ट्रीट, नियारियान, दीवान बाजार, लाकड़ी वालान, डहेरिया, नवाबपुरा और किसरौल आदि मोहल्लों में संकरी और तंग गलियों में अतिक्रमण के कारण दमकल वाहनों को घटनास्थल तक पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं, देहात क्षेत्र में न्याय पंचायत स्तर पर सरकारी ट्यूबवेल की व्यवस्था के लिए भी विभाग द्वारा पत्राचार किया गया था, ताकि आग लगने की स्थिति में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके, लेकिन इस दिशा में भी अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। इन दोनों प्रमुख समस्याओं के चलते आग की घटनाओं में नुकसान का दायरा बढ़ता रहा है। स्थिति से नाराज जनता अग्निशमन विभाग को ही जिम्मेदार ठहरा रही है।

**उदासीनता** | सरकारी केंद्रों पर अभी तक 494 एमटी गेहूं की हुई खरीद, खुले बाजार में पहुंच रही अधिकांश किसानों की उपज

# केंद्रों पर इंतजाम, फिर भी नहीं बढ़ रहा अन्नदाता का रुझान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 31 मार्च से शुरू हुए सत्र में जिले में बनाए गए हैं 69 गेहूं क्रय केंद्र
- खुले बाजार में किसानों को मिल रहा अधिक मूल्य और नकद भुगतान

**अमृत विचार :** जिले में वर्तमान सत्र में गेहूं खरीद के लिए सरकारी क्रय केंद्रों पर इंतजाम होने के बाद भी अन्नदाता का रूझान नहीं बढ़ रहा है। किसान खुले बाजाार में या साहूकारों के हाथों गेहूं की उपज बेचने में अधिक रुचि दिखा रहे हैं। क्योंकि उन्हें उपज का अधिक मूल्य नकद में मिल रहा है। जिससे वह खुले बाजार में गेहूं बेचने को प्राथमिकता दे रहे हैं।

रबी फसलों की खरीद के लिए इस बार 31 मार्च से सत्र शुरू हुआ जो 15 जून तक चलेगा। इसके लिए मुरादाबाद जिले में 69 सरकारी क्रय केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें खाद्य विभाग के अलावा विभिन्न एजेंसियों नेफेड, यूपीएसएस आदि के क्रय केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर इलेक्ट्रानिक तौल कांटा और डस्टर, बोरे आदि का प्रबंध किया गया है, लेकिन लगभग 15 दिन होने को हैं और मुश्किल से इन केंद्रों पर 494 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई है। इन केंद्रों पर सरकार के द्वारा निर्धारित 2585 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीद कर आधार कार्ड से लिंक बैंक खाते में धनराशि 72 घंटों अर्थात तीन दिन में हस्तांतरित की जा रही है। न्यूनतम समर्थन मूल्य से अधिक दाम किसानों को खुले बाजार में और साहूकारों के हाथ मिल रहा है। इससे वह सरकारी क्रय केंद्रों से मुंह मोड़ रहे हैं।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी विनीता मिश्रा का कहना है कि पंजीकृत किसानों से क्रय केंद्रों पर पारदर्शिता के साथ गेहूं खरीद के सभी इंतजाम केंद्रों पर किए गए हैं। सरकार का उद्देश्य किसानों का बिचौलियों के हाथों शोषण रोक कर उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना है। खरीद अब बढ़ रही है। किसानों से सीधे भी संपर्क करने के लिए क्रय केंद्रों के प्रभारियों और विपणन निरीक्षकों को निर्देश दिया है कि वह उन्हें सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचने के लिए प्रेरित करें।


कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में गेहूं खरीद की समीक्षा करते जिलाधिकारी अनुज सिंह।

### पीपली चक क्रय केंद्र प्रभारी को हटाने का निर्देश

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में गेहूं क्रय केंद्र प्रभारियों की कार्यशाला और समीक्षा बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी ने पीपली चक क्रय केंद्र पर जरूरी व्यवस्थाओं एवं व्यावहारिक कमियों पर नाराजगी जताते हुए संबंधित सचिव / केंद्र प्रभारी को तत्काल हटाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी क्रय केंद्र अनुमोदित स्थानों पर ही संचालित हों। केंद्रों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के लिए तहसील स्तर पर बड़े फ्लैक्सी बैनर, केंद्रों के नाम एवं केंद्र प्रभारी के मोबाइल नंबर सहित प्रदर्शित किए जाएं। हेल्पलाइन नंबर 1800-1800-150 का भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि गेहूं की तौल व खरीद के लिए किसान पहचान पत्र / फार्मर आईडी अनिवार्य है। प्रत्येक कृषक का पंजीकरण एवं अभिलेख सही एवं अद्यतन हों।जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों से उनके गेहूं की उतराई, छनाई एवं सफाई की मद में लेबर द्वारा अधिकतम 20 प्रति क्विंटल ही चार्ज किया जाएगा। केंद्रों पर बैठने, पेयजल, शौचालय, तिरपाल, पर्याप्त बोरे, नमी मापक यंत्र, इलेक्ट्रॉनिक कांटा, सिलाई मशीन तथा मजदूरों की समुचित व्यवस्था प्रत्येक दशा में उपलब्ध रहे। किसानों के गेहूं की तौल एवं खरीद प्रक्रिया अधिकतम 2 से 3 घंटे के भीतर पूर्ण कराई जाए।

# अमरनाथ यात्रा को मेडिकल प्रमाणपत्र बनवाने उमड़ी भीड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- चार दिन में 350 से अधिक आवेदन, अन्य जिलों से पहुंचे श्रद्धालुओं से व्यवस्थाएं प्रभावित

**अमृत विचार :** अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण शुरू होने से पहले ही मेडिकल प्रमाणपत्र बनवाने के लिए जिला अस्पताल में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई है। बीते चार दिनों में 350 से अधिक श्रद्धालुओं ने मेडिकल सर्टिफिकेट के लिए आवेदन किया है, जिससे अस्पताल की व्यवस्थाओं पर दबाव बढ़ गया है।

जिला अस्पताल में मुरादाबाद के अलावा रामपुर, अमरोहा, कांठ, चंदौसी और संभल से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इससे मरीजों और श्रद्धालुओं दोनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जबकि इन जिलों के सरकारी अस्पतालों में भी प्रमाणपत्र बनाए जा रहे हैं। अमरनाथ यात्रा के लिए आवेदन प्रक्रिया 15 अप्रैल से श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड की वेबसाइट पर शुरू होगी। यात्रा की तिथियां बाद में घोषित की जाएंगी। यात्रा में शामिल होने के लिए आठ अप्रैल के बाद जारी किया गया मेडिकल प्रमाणपत्र अनिवार्य किया गया है। जैसे ही पंजीकरण और मेडिकल प्रमाणपत्र की तिथियां घोषित हुईं, उसी के बाद से श्रद्धालुओं ने जिला अस्पताल का रुख करना शुरू कर दिया।

अब तक करीब 350 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं और चिकित्सकों द्वारा जांच प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। प्रमाणपत्र में आवेदकों को सांस या फेफड़ों की बीमारी, उच्च रक्तचाप, रक्तस्राव, हृदय रोग, जोड़ों में दर्द, कान में रिसाव, मधुमेह, धूम्रपान की आदत, अस्थमा, मिर्गी, स्ट्रोक या गर्भावस्था से संबंधित जानकारी देनी होगी। इसके बाद डॉक्टर द्वारा जांच कर प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा।

सीएमएस डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि मुरादाबाद के साथ अन्य जिलों के श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में प्रमाणपत्र बनवाने के लिए जिला अस्पताल पहुंच रहे हैं। सभी आवेदकों की जांच के बाद ही प्रमाणपत्र जारी किए जा रहे हैं।


जिला अस्पताल में फार्म भरते आवेदक।

**न्यूज ब्रीफ**

### मोहित बने विश्व हिंदू महासंघ गो रक्षा के प्रदेश अध्यक्ष



**कांठ, अमृत विचार :** मेरठ स्थित पश्चिम कार्यालय में विश्व हिंदू महासंघ भारत के पदाधिकारियों की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठनात्मक विस्तार को लेकर निर्णय लिए गए। बैठक में राष्ट्रीय संरक्षक देवेंद्र प्रताप तोमर, प्रदेश प्रभारी संजीव अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री भानु प्रताप सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष अमित ठाकुर के निर्देशानुसार ग्राम छज्जूपुरा दोयम निवासी मोहित कुमार को विश्व हिंदू महासंघ गो रक्षा, उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया। महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष तूलिका शर्मा, मुरादाबाद मंडल प्रभारी मोनू चौहान एवं जिला अध्यक्ष सोनू सुमन आदि रहे।

### पंचायत चुनाव की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 22 को

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश में एसआईआर प्रक्रिया के कारण निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण में कार्मिकों की कमी को देखते हुए त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों के वृहद पुनरीक्षण के बाद अंतिम प्रकाशन अब 22 अप्रैल को किया जाएगा। जिला मजिस्ट्रेट /जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं नगरीय निकाय अनुज सिंह ने निर्देश दिया है कि त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों का वृहद पुनरीक्षण आयोग द्वारा संशोधित समय सारणी के अनुसार किया जाए।

# बाबा साहेब ने शोषितों-वंचितों को दिलाई मजबूती

## संविधान साहित्य वाटिका में आयोजित लाइट एंड साउंड शो के भव्य आयोजन के बीच डॉ. आंबेडकर को किया नमन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती की पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से सोमवार को नगर निगम की ओर से बुद्धि विहार फेज दो स्थित संविधान साहित्य वाटिका में भव्य साउंड एंड लाइट शो आयोजित किया गया। अतिथियों ने वाटिका में स्थापित बाबा साहेब की विशालकाय प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सिर झुकाकर नमन किया। संविधान निर्माण में उनके योगदान को याद कर सभी वर्गों खासकर समाज के शोषित, वंचितों के उत्थान के लिए किए गए कार्यों को महत्वपूर्ण बताया। कहा कि बाबा साहेब ने संवैधानिक शक्तियों के माध्यम से शोषितों, वंचितों को मजबूती दिलाकर उन्हें समाज में मुख्य धारा में शामिल करने की राह प्रशस्त की।

महापौर विनोद अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी रहे। इसके अलावा नगर विधायक रितेश गुप्ता, कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह, विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, एमएलसी गोपाल अंजान व मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल आदि की मौजूदगी में कार्यक्रम कराया गया। पहली बार यहां आयोजित लाइट एंड साउंड शो मुख्य आकर्षण रहा। अतिथियों के अलावा सभी लोगों ने वाटिका में संविधान निर्माण के विभिन्न बिंदुओं के बारे में दर्शाए गए चित्रों व वर्णन के माध्यम से संविधान सभा के सदस्यों आदि के बारे में विस्तार से जानकारी ली। मुख्य आकर्षण के रूप में प्रस्तुत लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से संविधान की यात्रा को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया गया। इसमें संविधान निर्माण की ऐतिहासिक प्रक्रिया, संविधान सभा की कार्यप्रणाली आदि की जीवंत प्रस्तुति दी गई। संविधान की प्रस्तावना, मूल अधिकार, मूल कर्तव्य एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को प्रकाश, ध्वनि एवं दृश्य प्रभावों के माध्यम से सरल एवं प्रभावी रूप में प्रस्तुत किया गया। इस दौरान पूर्व सांसद वीर सिंह, जिलाधिकारी अनुज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### बाबा साहब ने शिक्षित बनो, संगठित रहो का दिया मूलमंत्र

मुरादाबाद, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी रामगंगा विहार मंडल की ओर से सोमवार को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर उनकी प्रतिमा की सफाई कर दीप प्रज्वलित कर नमन किया गया। नया गांव आंबेडकर धर्मशाला में डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती की पूर्व संध्या पर उनकी प्रतिमा की सफाई भाजपा पदाधिकारियों ने की। दीप प्रज्वलित कर नमन करते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। मुख्य वक्ता महानगर महामंत्री अमित शर्मा ने कहा कि बाबा साहब ने शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो का मूलमंत्र दिया था। मंडल अध्यक्ष विपिन प्रजापति, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता ने विचार व्यक्त किए। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक शिवम प्रकाश, भाजपा के महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, पार्षद सुरेन्द्र विश्नोई, मयंक कश्यप, अनूप महरोत्रा, नीरज शर्मा, संजीव शर्मा, शशि किरण आदि मौजूद रहे।

### डॉ. आंबेडकर का विशाल चित्र बनाकर छात्रों ने दी श्रद्धांजलि



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भीमराव आंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर सोमवार को चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के छात्रों ने विद्यालय परिसर में उनका विशाल और आकर्षक चित्र बनाकर अनूठी श्रद्धांजलि अर्पित की। चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के छात्रों ने बाबा साहब के विशाल चित्र का निर्माण कला प्रभारी डॉ. नवनीत गोस्वामी के निर्देशन में किया। चित्र को तैयार करने में छात्रों प्रिंस, ध्रुव, रुद्राक्ष चक्रवर्ती, आजाद सैनी, अबूजर, कुलजीत सिंह, अब्दुल्ला, वीर गौतम, अंकित सैनी, हेमंत और अभिषेक सैनी ने लगभग चार घंटे तक लगातार मेहनत की। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य मेजर सुदेश कुमार भटनागर सहित नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल और नगर निगम की टीम के अलावा , डॉ. मीनू मेहरोत्रा, सुनील आजाद, महावीर प्रसाद मौर्य और भयंकर सिंह बौद्ध ने छात्रों के इस रचनात्मक प्रयास की प्रशंसा की। इस आयोजन को सफल बनाने में राजीव कुमार पाठक, मेजर शिवकुमार, अनिल कुमार, डॉ. विशेष कुमार शर्मा, पंकज शर्मा, विशाल अग्रवाल और पवन पाल सहित अन्य लोगों का भी सहयोग रहा।

### विधायक ने आंबेडकर जयंती पर चलाया स्वच्छता अभियान

कुंदरकी, अमृत विचार : विधायक ठाकुर रामवीर सिंह के नेतृत्व में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर ग्राम जटपुरा में स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान प्रतिमा की सफाई की गई और दीप प्रज्वलित किए गए। विधायक ने कहा कि डॉ. आंबेडकर सामाजिक समरसता के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने ऊंच-नीच, भेदभाव का विरोध किया तथा छुआछूत मुक्त भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भाजपा बाबासाहेब को अपना आदर्श मानती है। संगठन के निर्देश पर जिले भर में अंबेडकर प्रतिमाओं पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बबलू जाटव, छत्रपाल जाटव, तुलसी जाटव, अमरीश सागर, शिवम सागर, कमलदीप, अमित सागर, सुन्दरम सागर, बिजेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर दीप उत्सव मनाया

**बिलारी, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर सोमवार को आंबेडकर प्रतिमा स्थल पर भव्य दीप उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर दीप उत्सव मनाया गया। मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता ने विचार रखे। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी, मण्डल अध्यक्ष विकास गुप्ता, नामित सभासद मनोज ठाकुर, हेमंत शर्मा, दिनेश प्रजापति, प्रशांत चौधरी, नवनीत यादव, रविंद्र चौधरी, मनोज प्रजापति, यादराम सिंह, राजीव शर्मा, अमित मौर्य, रजनीश गार्ड, धर्मेंद्र गांधी, वीरपाल कोहली, डॉ. राजीव सैनी, इमरान पाशा, पंकज चौहान सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे। लोगों से उनके विचारों पर चलने का आह्वान किया गय।

### आंबेडकर जयंती पर पुलिस ने किया पैदल गश्त



**ठाकुरद्वारा, अमृतविचार :** डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर निकलने वाली झांकियों एवं कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। सोमवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह ने क्षेत्राधिकारी आशीष प्रताप सिंह के साथ मय फोर्स थाना क्षेत्र में पैदल गश्त की और सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। दुकानदारों और स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित करते हुए शांति एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह, हुड़दंग या अव्यवस्था फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को विशेष सतर्कता बरतने, संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त निगरानी रखने के निर्देश दिए। कहा कि झांकियों के मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। क्षेत्राधिकारी ने भी पुलिस बल को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करें और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहें। इस दौरान कोतवाली प्रभारी मनोज परमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक ब्रजेंद्र सिंह, यशवीर सिंह, उपनिरीक्षक रजत चौधरी ओमपाल सिंह, सहित भारी पुलिसबल मौजूद रहे।

# उत्साह से मनाई जाएगी आंबेडकर जयंती

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार : कांठ** के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर ने सोमवार को कैंप कार्यालय पर एक बैठक आयोजित की, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया।

बैठक में आगामी भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती को पूरे सम्मान, गरिमा और उत्साह के साथ मनाने पर विशेष जोर दिया गया। विधायक ने कहा कि बाबा साहब का जीवन सामाजिक न्याय, समानता और संविधान की मजबूती का प्रतीक है, इसलिए उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। बैठक में फुरकान अली, विक्रम सिंह यादव, नाजिम सैफी, अमजद अली, अंजार चौधरी, डॉ. दानिश, अरशद चौधरी, मुजीब राणा, आरिफ मलिक, हरपाल सिंह यादव, अतीकुर रहमान, जमशेद, जय प्रजापति, खलील प्रधान, डॉ. जुबेर, अहमद अली प्रधान, मतीन अहमद आदि मौजूद रहे।



बैठक में तैयारियों पर चर्चा करते विधायक व अन्य। ● अमृत विचार

### समाज में समरसता बढ़ाने का आह्वान



**कांठ, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी संगठन के निर्देशानुसार आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर सोमवार को कांठ स्थित श्री गुरु रविदास मंदिर परिसर में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा की साफ-सफाई कर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य व्यक्तियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता मुकेश माहेश्वरी, भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष देवराज सिंह, कार्यक्रम संयोजक सभासद हरि सिंह, पूर्व सभासद बलवंत सिंह, सभासद पति नवनीत कुमार सहवाग, सचिन चौधरी (एडवोकेट) एवं ओम प्रकाश बौद्ध उर्फ रावण सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबा साहब के सामाजिक न्याय, समानता और संविधानिक मूल्यों को अपनाने पर बल दिया तथा समाज में समरसता बढ़ाने का आह्वान किया।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई के निधन पर शोक

**कांठ, अमृत विचार :** पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई के निधन पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने शोक सभा कर शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए इसे अपूर्णीय क्षति बताया। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद मोहसिना किदवई के निधन पर ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने 2 मिनट का उदाहरण कर उनके चरित्र पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। जिला उपाध्यक्ष डॉ सिराजुद्दीन अंसारी एवं जिला सचिव शरीफ अहमद आजाद ने कहा कि वह भारतीय राजनीति की प्रमुख मुस्लिम महिलाओं में से एक थीं।

# कांग्रेसियों ने किदवई को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता ,ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार : ठाकुरद्वारा** नगर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को नगर कांग्रेस कार्यालय पर शोक सभा का आयोजन कर कांग्रेस की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री मोहसिना किदवई को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना के साथ हु वक्ताओं ने किदवई के राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान की और समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया। वक्ताओं ने कहा कि उनका व्यक्तित्व सादगी, संघर्ष और समर्पण का प्रतीक था तथा उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। शोक सभा में नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शमीम अहमद चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष आरिफ एडवोकेट जिलाउपाध्यक्ष वसीम अहमद,सहित मोहम्मद दिन, दवीर अंसारी, बल्ले, शरीफ सिद्दाकी, यासीन कुरैशी, मास्टर रईस, जहाँगीर कुरैशी, एडवोकेट जाहिद, नाजिम गांधी, डॉ. बाबू, शमशेर अली, जाहिद अंसारी, शरीफ आजाद, इदरीश कस्सार ,उम्मीद अली , शमशाद अली, मोहम्मद इस्थान मास्टर गुलशेर अली सहित अन्य मौजूद रहे।

### प्रेरणा स्रोत रहेगा मोहसिना किदवई का जीवन

**कुंदरकी, अमृत विचार :** जिला उपाध्यक्ष चौधरी अहसान खान के आवास पर वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री मोहसिना किदवई की शोक सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता नगर अध्यक्ष शौकत नेता ने की। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने किदवई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। जिला अध्यक्ष विनोद गुम्बर और जिला उपाध्यक्ष चौधरी अहसान खान ने विचार रखे। अंत में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोक सभा में जिला अध्यक्ष विनोद गुम्बर के साथ दिलशाद, चौधरी दाऊद खान, ब्लॉक अध्यक्ष मुनीफ तुर्की, नासिर सलमानी, शौकत नेता, वहिद खान, शकूर सैफी, इरफान खान आदि रहे।


**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें**

9412554796
0591 3591634

**Notice**

Abhilash Kumar Saxena, son of Ajeet Kumar Saxena, resident of Shiv Mandir, 457, Gali no 8, Bank colony khushalpur, Moradabad, hereby declare that I have changed my name from Abhilash Kumar to Abhilash Kumar Saxena. Henceforth, I shall be known as Abhilash Kumar Saxena for all purposes.

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।





# गरजी जेसीबी, 250 दुकानों के बाहर से हटाया अतिक्रमण

## अफरा-तफरी के बीच लग गया जाम, शाहबाद गेट से बाजार नसरुल्लाह खां स्थित चौकी चौक तक रास्ता हुआ साफ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर में सोमवार को शाहबाद गेट से बाजार नसरुल्लाह खां स्थित चौकी तक अतिक्रमण पर प्रशासन की जेसीबी गरजी और 250 दुकानों के सामने से अतिक्रमण हटाया। जेसीबी द्वारा दुकानों के स्लैब और छज्जे ध्वस्त कर दिए।

पुलिस ने नगर पालिका रामपुर के सहयोग से शहर में अतिक्रमण हटाने को अभियान चलाया। भारी मात्रा में पुलिस बल और अधिकारियों को देखकर दुकानदार स्वयं अपना सामान समेटने लगे। दुकानदारों में अफरा-तफरी का माहौल रहा। इस दौरान जाम लग गया तो पुलिस ने जाम खुलवाने के बाद ट्रैफिक की आवाजाही पर रोक लगा दी।

शाहबाद गेट के निकट होटलों के आगे निकले स्लैब और छज्जों को जेसीबी ने ध्वस्त कर दिया। अतिक्रमण हटाने के लिए नगर पालिका परिषद की दो जेसीबी लगाई गईं थीं।



शाहबाद गेट पर इमारत के छज्जे को ध्वस्त करती जेसीबी। ● अमृत विचार


जाम खुलवाते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार


अतिक्रमण अभियान के दौरान तैनात पुलिस बल और अधिकारी। ● अमृत विचार

● **पुलिस ने पालिका के सहयोग से चलाया अभियान**

नगर पालिका परिषद के सामने, हाथीखाना चौराहा, बाजार अब्दुल्लाह गंज, कोतवाली के सामने और बाजार नसरुल्लाह खां में दुकानों के आगे निकले स्लैब और छज्जे ध्वस्त करा दिए। दोपहर से अपराह्न तक अभियान चलाया गया। पुलिस फोर्स ने दुकानों के आगे निकले छज्जों की मार्किंग कर ध्वस्त करा दिया इसी प्रकार दुकानों के आगे निकले स्लैब भी तोड़ दिए गए। अतिक्रमण अभियान के नोडल अधिकारी ने बताया कि अभियान पुलिस नगर पालिका परिषद के सहयोग से चलाया गया है। उन्होंने बताया कि शाहबाद गेट से बाजार नसरुल्लाह खां तक करीब 250 दुकानों के आगे निकले स्लैब और दुकानों के आगे निकले छज्जों को ध्वस्त कराया गया है। उन्होंने बताया कि दुकानों के आगे स्लैब निकालने से नाले और नालियों की सफाई नहीं हो पाती है इसके अलावा यह सड़क काफी संकरी हो गई थी जिसके कारण लोग पूरे दिन जाम से जूझते रहते थे। उन्होंने बताया कि अभियान में थाना कोतवाली पुलिस शामिल रही। इस दौरान दुकानदारों में अफरा-तफरी का माहौल रहा। अभियान के दौरान पालिका के डॉ. अविनाश, नितिन सक्सेना और अफजल समीर आदि मौजूद रहे।

> शाहबाद गेट से पुलिस चौकी चौक तक अतिक्रमण अभियान चलाकर करीब 250 दुकानों के आगे निकले छज्जों और स्लैब ध्वस्त करा दिए गए हैं। पालिका की दो जेसीबी ने अतिक्रमण को साफ किया है।
>
> – **मोहम्मद अफजल समीर**, नोडल अतिक्रमण अभियान

### भारी मात्रा में तैनात रहा पुलिस बल

अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस वाले दुकानदारों को बताते रहे कि दुकानों के आगे स्लैब निकालने से नाले-नालियां चोक हो जाती हैं जिसके कारण बरसात में जलभराव की समस्या होती है इसके अलावा उन्होंने दुकानों के आगे निकले छज्जों और स्लैब निकाले जाने से जाम लगने की वजह बताया। पुलिस के इस तर्क का दुकानदार कोई जवाब नहीं दे सके। पुलिस ने शाहबाद गेट निकट होटलों के आगे निकले छज्जों और फलों के ठेलों को भी हटवा दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### आग से ढाई एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख

**रामपुर, अमृत विचार :** अजीम नगर थाना क्षेत्र में सोमवार को मिलकखानम रोड स्थित एक किसान खाली खेत में नरई जल रहा था। तेज हवा के कारण आग पड़ोसियों के खेत में जा पहुंची। पलक झपकते ही गेहूं के खड़े खेतों से आग की लपटे उठने लगी। ग्रामीण आग बुझाने के लिए खेत की ओर दौड़ पड़े। अजीमनगर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई। ग्रामीणों की मदद से पुलिस आग को बुझाने में कामयाब रही। लेकिन तब तक चुन्नीलाल की 12 बीघा और फूल सिंह मास्टर की 8 बीघा गेहूं की फसल जलकर बर्बाद हो गई। गनीमत यह रही ग्रामीण और खेतों में आग को फैलने से रोकने में कामयाब रहे। दोनों किसानों का आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। पीड़ित किसानों ने जिलाधिकारी से मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

### बांस के पेड़ों में लगी आग मची अफरा-तफरी

**शाहबाद, अमृत विचार :** बिलारी-शाहबाद मार्ग पर लक्खी बाग़ में बांस के पेड़ हैं। सोमवार दोपहर किन्हीं अज्ञात कारणों से बांस के पेड़ों में आग लग गई। आग की लपटें देखकर आस-पास के लोगों में अफरा तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने आग लगाने की सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना पाकर दमकल विभगा की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि राह चलते किसी राहगीर ने बीड़ी-या सिगरेट जलाकर माचिस की तिली बांस के पेड़ों की ओर फेंक दी होगी। जिससे बांस के पेड़ों में आग लग गई होगी।

### बेटी को फुसलाकर ले गया युवक, रिपोर्ट

**बिलासपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव बेरखेड़ा निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 10 अप्रैल को वह और उसकी पत्नी किसी काम से बाहर गए थे। घर पर 15 वर्षीय बेटी मौजूद थी। जब शाम को घर पहुंचे, तो बेटी घर पर नहीं थी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसकी बेटी को आशीष बहला-फुसलाकर भगा ले गया। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आशीष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कहा कि किशोरी की तलाश की जा रही है, जल्दी ही बरामद कर लिया जाएगा।

### छात्रवृत्ति: विद्यार्थियों को मिलेगा एक मौका

**रामपुर, अमृत विचार :** शैक्षिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना से किसी भी कारणवश वंचित रह गए छात्र-छात्राओं के लिए राहत भरी खबर है। समाज कल्याण विभाग द्वारा जल्द ही पोर्टल को दोबारा खोला जाएगा, जिससे छूटे हुए पात्र छात्र-छात्राओं को योजना का लाभ मिल सके। उप्र समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण के निर्देश पर यह निर्णय लिया गया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि पिछले वर्ष 2024-25 में 50 से अधिक छात्रों को दोबारा खुले पोर्टल का लाभ मिला था। वित्तीय वर्ष 2024-25 में छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनाओं के तहत विभाग द्वारा 5104 छात्रों को कुल रुपये 565.81 लाख रुपये की धनराशि प्रदान की गई थी। इन योजनाओं के अंतर्गत अनुसूचित जाति के 3855 छात्रों को रुपये 434.85 लाख, सामान्य वर्ग के 1249 छात्रों को रुपये 130.96 लाख रुपये की सहायता प्रदान की गई है।

# टेट का विरोध, शिक्षकों ने निकाला मशाल जुलूस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सोमवार शाम टेट की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक बीएसए ऑफिस में एकत्रित हुए, जहां एक सभा हुई। इसके बाद शिक्षकों द्वारा मशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस शाम 6:30 बजे बीएसए कार्यालय से शुरू होकर गांधी समाधि तक पहुंचा।

सभा में वक्ताओं ने कहा कि 17 अक्टूबर 2017 को केंद्र सरकार द्वारा आरटीई में संशोधन कर सभी शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य किया गया था, जिसे गोपनीय रखा गया। बाद में 1 सितंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने दो वर्ष के भीतर टेट उत्तीर्ण करने का आदेश दिया गया, जो अन्यायपूर्ण है। वक्ताओं ने कहा कि टेट की शुरुआत अगस्त 2011 में आरटीई लागू होने के बाद हुई थी, ऐसे में आरटीई से पहले नियुक्त शिक्षकों पर इसे लागू करना न्यायसंगत नहीं है।



हाथों में बैनर और मशाल लिए शिक्षक। ● अमृत विचार

● **रामपुर में उठी विधेयक पारित करने की मांग**

बताया कि इस संबंध में राज्यसभा सांसद द्वारा विधेयक भी प्रस्तुत किया गया है, जिसे केंद्र सरकार से शीघ्र स्वीकृत करने की मांग की गई। चेतावनी दी गई कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन जारी रहेगा। जुलूस व सभा में कैलाश बाबू पटेल, आनंद प्रकाश गुप्ता, आलोक कुमार मिश्रा, दिगपाल गंगवार, रवेन्द्र गंगवार, राजपाल मौर्य, राम बहादुर, जगदीश पटेल, अनुपम कुमार, डॉ. एहसान खां, सतीश गिरोह, राजेश खन्ना, गोविंद सिंह, उमा कांत, संजय कुमार, नासिर अली, छत्रपाल सिंह यादव, सुषमा रानी, वीरांगना मांगलिक, तहसीन आलम खां, मनोज कुमार सागर, कुलदीप सिंह, अरविन्द गंगवार, हसन अब्बास, गजेंद्र पाल सिंह, खालिद अली, लुबना उस्मानी, इफ्तेखार अली, आनंद सिंह भंडारी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# प्रदेश स्तरीय फुटबॉल ट्रॉफी पर मेरठ का कब्जा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम पर क्रीड़ा भारती और आंबेडकर क्लब के तत्वावधान में आयोजित प्रदेश स्तरीय बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच कुंडेश्वरी और मेरठ की टीमों के बीच खेला गया। पेनाल्टी शूट में मेरठ की टीम ने 4-2 से फाइनल मैच जीत लिया। इससे पहले मैच में कुंडेश्वरी और मेरठ की टीम 2-2 गोल की बराबरी पर रही।

स्टेडियम पर फाइनल मैच के मुख्य अतिथि भारत भूषण गुप्ता, विशिष्ट अतिथि मामून शाह खां, पारुल अग्रवाल, वीरेंद्र गोयल, डॉ.दशरथ सिंह, वीरेश भीम अनार्य द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर फाइनल मैच का शुभारंभ हुआ। फाइनल मैच में मेरठ की टीम के खिलाड़ी ने पहला गोल मारकर बढ़त बना ली। उसके बाद मेरठ के खिलाड़ी ने दूसरा गोल मारकर 2-0 की बढ़त बना ली। दूसरे हाफ में कुंडेश्वरी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अजय और अमन ने दो गोल कर मैच को 2-2 गोल से बराबरी पर कर दिया। इसके बाद मैच का समय समाप्त हो गया। मैच का निर्णय पेनल्टी शूट द्वारा किया गया जिसमें मेरठ की टीम ने दो गोल मारकर 4-2 से विजेता बनी। अतिथियों ने विजेता और विजेता टीम को ट्रॉफी और 10000 रुपये की नकद राशि प्रदान की। उपविजेता टीम को ट्रॉफी और 5000 रुपये की नकद राशि प्रदान की। निर्णायक अजीत कुमार और लाइनमैन शुभम और आदित्य रहे। अवसर पर क्रीड़ा भारती के उपाध्यक्ष मनोज कुमार, मकसूद अहमद, कुमार एकलव्य, हरीश डुडेजा, तुषार शर्मा, फरहत अली खां, डॉ. अनूप कुमार सिंह, प्रेम खत्री, अभिषेक लाल, विकास कुमार, आकाश बाबू, महेश कुमार, नीरज चौहान, राजेंद्र कुमार, अमित चौहान, कन्नौज, नितिन, वरुण, राज, इशरत अली आदि मौजूद रहे। कमेंट्री विजेंद्र कुमार एवं जावेद खां ने की।


विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

● **पेनाल्टी शूट में 4-2 से जीता फाइनल मैच, कुंडेश्वरी और मेरठ 2-2 गोल से रही बराबर**

# जनसंख्या नियंत्रण पर कानून बनाए सरकार

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** सोमवार को खंड विकास कार्यालय के सभागार में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक हुई। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांतीय अध्यक्ष रोहन सक्सेना ने कहा कि संगठन का उद्देश्य भारत के एक लाख स्थानों पर हनुमान चालीसा केंद्र संचालित कर हिंदुओं को संगठित करना है। जिससे आने वाली पीढ़ी सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन यापन कर सकें।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हिन्दू सुरक्षित नहीं है, निरंतर हिंदू घट और कट रहा है। लव जिहाद तेजी से बढ़ता जा रहा है। सरकार अति शीघ्र जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाएं। जिससे कि भविष्य में संकट उत्पन्न न हो। वहीं संगठन के जिलाध्यक्ष आदेश शंखधार ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा गो संरक्षण के लिए व्यवस्थाएं की जा रही हैं। लेकिन अधिकारी लापरवाह है। बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष ने प्रमोद दिवाकर को जिला उपाध्यक्ष, नेहा कश्यप को राष्ट्रीय महिला परिषद का जिलाध्यक्ष, प्रदीप गंगवार, नगर अध्यक्ष, अनिल राठौर नगर मंत्री, आकाश राठौर नगर उपाध्यक्ष, रवि प्रखंड अध्यक्ष, गौरव दिवाकर प्रखंड मंत्री, राजरानी नगर अध्यक्ष, विपिन सैनी उपाध्यक्ष, सुनील कश्यप नगर गौ रक्षा प्रमुख बनाए जाने की घोषणा की। इस अवसर पर स्वराज यादव, विशाल दुबे, पुष्पेंद्र गंगवार, प्रदीप गोस्वामी, अंकुश देओल आदि मौजूद रहे।



खंड विकास कार्यालय के सभागार में कार्यक्रम के दौरान मौजूद संगठन के पदाधिकारी।

● **अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक आयोजित**

## हड़ताल जारी, न्यायिक कार्यों से विरत रहे वकील

**टांडा, अमृत विचार:** तहसील के अधिवक्ताओं ने मांगों और पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को भी न्यायिक कार्य न करने का निर्णय लिया। उन्होंने इस संबंध में उपजिलाधिकारी व तहसीलदार को भी पत्र जारी कर जानकारी दी।

एसोसिएशन द्वारा जारी पत्र के अनुसार 09 अप्रैल से चल रही सांकेतिक हड़ताल के क्रम में सोमवार को बार की एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अधिवक्ताओं का विरोध जारी रहेगा। एसोसिएशन के सचिव प्रथी सिंह सैनी और अध्यक्ष सतपाल सिंह चौहान के नेतृत्व में लिए गए निर्णय के बाद स्पष्ट कर दिया गया था कि 13 अप्रैल को अधिवक्ता न्यायिक कार्य से पूरी तरह विरत रहेंगे।

## न्यूज डायरी



### दिल्ली से चोरी हुई बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** थाना सिविल लाइंस पुलिस ने सोमवार को दिल्ली से चोरी हुई बाइक के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें सोनू खां निवासी ताशका का मजरा सिविल लाइंस और विक्की समी निवासी घेर हजरत नूर खां बरेली गेट थाना गंज को कपडा मील स्टेडियम के पास से गिरफ्तार किया है। उनके पास से मोटरसाइकिल के साथ एक तमंचा 12 बोर, दो कारतूस 12 बोर, एक चाकू बरामद हुआ है। थाना न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी साउथ ईस्ट दिल्ली में मुकदमा दर्ज है। बरामदगी के आधार पर आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

### एसपी ने दढ़ियाल चौकी का निरीक्षण किया



**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने सोमवार को थाना टांडा के अन्तर्गत चौकी दढ़ियाल का निरीक्षण किया। चौकी कार्यालय पर बने अभिलेखों, उनमे अंकित की जाने वाली प्रविष्टियों एवं साफ सफाई को चेक किया। साथ ही परिसर की साफ-सफाई, सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए। चौकी पर आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्या को शालीनता से सुना जाए और उसका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

### डॉ. फरीदी के बताए रास्ते पर चलकर होगा कौम का भला: नदवी




**रामपुर, अमृत विचार :** सोमवार को दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के स्पीकर हॉल में इंडियन मुस्लिम्स फॉर सिविल राइट्स' द्वारा कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मशहूर लेखक मासूम मुरादाबादी द्वारा संकलित पुस्तक डॉ. अब्दुल जलील फरीदी : कायद-ए-मिल्लत, मसीहा-ए-कौम का विमोचन हुआ। रामपुर सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी ने डॉ. फरीदी को खिराज-ए-अकीदत पेश की। उन्होंने कहा कि डॉ. अब्दुल जलील फरीदी ने उस दौर में कौम की रहनुमाई की जब समाज को एक स्पष्ट विजन की जरूरत थी। उन्होंने हमेशा इस बात पर जोर दिया कि लोकतांत्रिक ढांचे के भीतर रहकर अपने अधिकारों की लड़ाई कैसे लड़ी जाए। आज हमें उनके बताए हुए इत्तेहाद और तालीम के रास्ते पर चलने की सख्त जरूरत है। पुस्तक का विमोचन डॉ. जफरुल इस्लाम खान के हाथों हुआ। विशिष्ट अतिथि पूर्व उपराज्यपाल नजीब जंग और पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद, जस्टिस इकबाल अहमद अंसारी, वजाहत हबीबुल्लाह, प्रो. अख्तरुल वासे, डॉ. एस. फारूक, मासूम मुरादाबादी सहित अन्य मौजूद रहे।

### ससुरालियों ने दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला

**बिलासपुर, अमृत विचार :** दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित कर घर से निकाल दिए जाने के मामले में पुलिस ने पति समेत तीन व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। नगर के मोहल्ला सिंह कालोनी निवासी नेहा सिरोही द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जिसमें कहा गया है कि 5 फरवरी 2022 को उसका विवाह क्षेत्र के गांव मनकरा निवासी विवेक मलिक के साथ हुआ था। दान-दहेज से ससुराल वाले खुश नहीं थे और आए दिन प्रताड़ित कर रहे थे। मांग पूरी न होने ससुरालियों ने मारपीट का घर से निकाल दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर विवेक मलिक, सुनील, वैशाली निवासी गांव मनकरा के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। कहा कि विवेचना की जा रही है, जिसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### उत्कृष्ट कार्यशैली पर पुलिस कर्मियों को एसपी ने किया सम्मानित





**रामपुर, अमृत विचार :** सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग माह मार्च-2026 में प्रदेश में जनपद रामपुर के प्रथम स्थान पर आने पर सोमवार को पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने हेड कांस्टेबल ओमवीर सिंह एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर गिरेन्द्र कुमार को उनकी उत्कृष्ट कार्यशैली एवं मेहनत के मद्देनजर प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी कार्मिकों को अपने कार्य के प्रति तत्परता एवं समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

# फाइनल में पहुंची स्ट्राइकर


शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम में मौजूद खिलाड़ी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बमनपुरी स्थित शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम में सोमवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में रामपुर स्ट्राइकर ने रामपुर रायल्स को 8 विकेट से पहले सेमीफाइनल में करारी शिकस्त दे दी। मैन ऑफ दि मैच अमन नवाब को मिला।

स्टेडिमय पर हो रहे टी-25 क्रिकेट टूर्नामेंट में रामपुर रॉयल्स के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। रामपुर रॉयल्स की पूरी टीम 24 ओवर में 122 रन बनाकर आउट हो गई। जिसमें अतुल चौधरी ने 36 रन और मोहित कटारिया ने 24 रन बनाए। रामपुर स्ट्राइकर के गेंदबाज वकार सिद्दीकी नें 3 विकेट, सचिन ने तीन विकेट लिए। स्कोर का पीछा करने उतरी रामपुर स्ट्राइकर की टीम ने यह मैच 8 विकेट से जीत लिया। टीम के खिलाड़ियों ने 17 ओवर में 2 विकेट खोकर 123 रन बनाकर यह मैच जीत लिया और फाइनल में प्रवेश किया। जिसमें अमन नवाब ने 76 रन बनाए जिसमें 9 चौकं एक छक्का जड़ा, सुहेल खान ने 38 रन बनाए। रामपुर रॉयल्स के गेंदबाज अल्ताफ ने एक विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच अमन नवाब को मिला। मैच में क्रिकेट कोच आलम खान, जितेंद्र शर्मा, रामपुर क्रिकेट एसो अध्यक्ष इरफान हुसैन, जितेंद्र शर्मा, दिव्यांशु गुप्ता, नवेद आदि मौजूद रहे।

● **सेमीफाइनल में रामपुर रायल्स को 8 विकेट से हराया**

## युवती से अश्लील हरकत, भाई को पीटा

**स्वार, अमृत विचार :** खेत पर कब्जे को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोपियों ने भाई के सामने ही बहन के साथ अश्लील हरकते करते हुए कपड़े फाड़ दिये। जब भाई ने विरोध किया तो मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि कुछ लोग रविवार को उसके खेत पर जबरन कब्जा करने पहुंचे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। भाई के सामने अश्लील हरकते करते हुए कपड़े भी फाड़ दिए और जान से मारने की धमकी दी। जब उसके भाई ने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। सोमवार पीड़िता ने पुलिस को नाजिम, दानिश, रिजवान सहित अन्य अज्ञात आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल संजीव कुमार ने बताया कि सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नारी सम्मान भाजपा में सुरक्षित


भाजपा कार्यालय में आयोजित नारी वंदन कार्यक्रम में बोलते जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राम विहार स्थित भाजपा कार्यालय पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान को लेकर बैठक हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार के नेतृत्व में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार और संगठन दोनों ही महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं और नारी शक्ति वंदन अधिनियम' इसी संकल्प का सशक्त उदाहरण है। निर्णय लिया गया कि 15 अप्रैल 2026 को सभी नगर पालिका स्तर पर महिलाओं की स्कूटी एवं बाइक रैली निकाली जाएगी, जिसके माध्यम से महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया जाएगा। 15 से 18 तक री शक्ति सम्मेलन व पदयात्राएं निकाली जाएंगी। हस्ताक्षर अभियान में भागीदारी सुनिश्चित कर नारी शक्ति के समर्थन में जनसमर्थन तैयार किया जाएगा। बैठक में पारुल अग्रवाल, पूजा शर्मा, डॉली रंधावा, पूनम सागर, मनु सक्सेना, रानी गुप्ता, रानी खान, सुभाष भटनागर, सौरभ पाल लोधी, ब्लॉक प्रमुख मोहित सैनी, जिला महामंत्री रविंद्र सिंह रवि, अर्जुन रस्तोगी, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, करतार सिंह लोधी, कुंवर बहादुर राजपूत, विकास दीक्षित, आकाश सक्सेना, नरेश सैनी, पवन शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

● **नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान को लेकर बैठक**

अमृत विचार

मुरादाबाद , मंगलवार,14 अप्रैल 2026 रामपुर

न्यूज ब्रीफ

### बाबा साहब ने रखी आधुनिक भारत की नींव



रामपुर, अमृत विचार : प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मेंबर और पूर्व प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक कांग्रेस आमिर कुरैशी ने कहा कि बाबा साहब ने समाज में व्याप्त कुरीतियों पर प्रहार करते हुए एक ऐसे संविधान का निर्माण किया जिसने आधुनिक भारत की नींव रखी।

### स्वार विधायक ने की आर्थिक मदद

स्वार, अमृत विचार : दलित युवक की मौत के बाद सोमवार देर शाम विधायक शफीक अहमद अंसारी मोहल्ला खास स्वार स्थित वाल्मीकि बस्ती में युवक के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। महेन्द्र वाल्मीकि के पुत्र विकास की उत्तराखंड में शनिवार को दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। विधायक ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि इस अपूरणीय क्षति की भरपाई संभव नहीं है। निजी कोष से 50 हजार रुपये की मदद की। प्रशासन से भी सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में उतरे कांग्रेसी

## प्रदर्शन कर लिखित सहमति लिए जाने के बाद स्मार्ट मीटर लगाए जाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

● जिलाधिकारी को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

अमृत विचार : कांग्रेसियों ने जिले में जबरन प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में सोमवार की दोपहर कलेक्ट्रेट में पहुंचकर प्रदर्शन किया। इसके बाद जिलाधिकारी को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष निक्कु पंडित ने कहा कि विद्युत निगम द्वारा लोगों की इच्छा विरुद्ध स्मार्ट मीटर लगाया जाना कानूनन गलत है।

कहा कि स्मार्ट लगने के बाद लोग परेशान हो रहे हैं एडवांस पैसा जमा करने के बावजूद उन्हें बिजली नहीं मिल रही है और वे बिजलीघरों के चक्कर लगा रहे हैं। कांग्रेसी राहे रजा स्थित कैंप कार्यालय पर एकत्रित हुए इसके बाद कलेक्ट्रेट पहुंचे। कलेक्ट्रेट में विद्युत निगम के खिलाफ नारेबाजी करने के बाद जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि उपभोक्ताओं की इच्छा के विरुद्ध उनके घरों पर जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। कहा उपभोक्ताओं की सेवा शर्तों में परिवर्तन नहीं किया जा सकता। मीटर का प्रकार निर्धारित करने में उपभोक्ता के हितों एवं नियामक निर्देशों का पालन आवश्यक है। कहा गया है कि उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा किसी भी प्रकार की प्रीपेड व्यवस्था लागू नहीं की गई है। भारत सरकार द्वारा संसद में स्पष्ट किया गया है कि प्रीपेड बिजली मीटर अनिवार्य नहीं हैं, बल्कि यह उपभोक्ता की स्वैच्छिक पसंद पर आधारित है। मांग है कि उपभोक्ता की लिखित सहमति के मीटर बदलने वाले अधिकारियों और ठेकेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।इसके अलावा जिले में गैस एजेंसियों की मनमानी पर अंकुश लगवाए जाने की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा उर्फ निक्कू पंडित, पूर्व विधायक संजय कपूर, बाकर अली खां आदि शामिल रहे।

## त्योहारों को लेकर पुलिस अलर्ट शांति की अपील

शाहबाद, अमृत विचार : आगामी त्योहारों के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह, एसडीएम आशुतोष कुमार, क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन और कोतवाल प्रदीप कुमार ने टांडा क्षेत्र का भ्रमण किया। अधिकारियों ने टांडा, रम्पुरा और जगेसर गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों से बातचीत की और आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की। कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

इससे पूर्व एएसपी अनुराग सिंह ने शाहबाद नगर स्थित कस्बा पुलिस चौकी का निरीक्षण कर पुलिस कर्मियों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। इस दौरान अपराध निरीक्षक जयप्रकाश सिंह, उपनिरीक्षक अतिशय जैन, एसआई रमेश चंद्र, एसआई दिलीप सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं आंबेडकर जयंती



बिलासपुर कोतवाली में शांति समिति की बैठक में बोलती सीओ हर्षिता सिंह।

संवाददाता, बिलासपुर

● बिलासपुर कोतवाली में शांति समिति की बैठक आयोजित

अमृत विचार: आंबेडकर जयंती के पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए सोमवार को कोतवाली में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता करते क्षेत्राधिकारी हर्षिता सिंह ने कहा कि जुलूस और कार्यक्रमों में मर्यादा का पूरा ध्यान रखा जाए। पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह मुस्तैद है, लेकिन सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने में आम जनता का सहयोग सर्वोपरि है। उन्होंने चेतावनी दी कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने आयोजन समितियों को शासन की गाइडलाइन से अवगत कराया। डीजे और लाउडस्पीकर की आवाज मानक के भीतर हो। भीड़भाड़ वाले इलाकों में वालंटियर्स की तैनाती की जाए ताकि यातायात प्रभावित न हो। बैठक में उपस्थित नागरिकों ने भी प्रशासन को अपने सुझाव दिए और पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में उपनिरीक्षक केशू शर्मा, लवजीत सागर के अलावा गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

# आधी रोटी खाएं, बच्चों को दिलाएं तालीम



आर्थिक मदद के तौर पर दिए गए चेक के साथ बच्चे एवं अतिथि। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● हकीकत माइनॉरिटी वेलफेयर सोसाइटी का वार्षिक अधिवेशन

अमृत विचार: ईदगाह रोड स्थित एक होटल में सोमवार को हकीकत माइनॉरिटी वेलफेयर सोसाइटी का 12 वां वार्षिक अधिवेशन हुआ। मुख्य अतिथि सौलत पब्लिक लाइब्रेरी के अध्यक्ष डॉ. महमूद खान ने रामपुर के गिरते शिक्षा के ग्राफ और तरबीयत की कमी पर चिंता जताई।

उन्होंने कहा कि आधी रोटी खाकर बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाएं। इस मौके पर टेस्ट, इंटरव्यू और सर्वे के अनुसार चयनित 40 बच्चों को फीस और कोर्स दिया गया, जिसे पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम का आगाज हाफिज मोहम्मद मोनिस की तिलावते कुरआन मजीद से हुआ। अब्दुल कादिर ने नात- ए-पाक पेश की। जैनुल आबेदीन, अहमद मियां, रिजवान अहमद सिद्दीकी, नोमान गाजी, अकरम अंसारी, सैयद मुदस्सिर, दिल्लन खां, डॉ. मोहम्मद अब्दुल सलाम, मौलाना मोहम्मद उस्मान, मास्टर अलीम वारसी ने बच्चों को शिक्षा के महत्व और उन्हें ज्यादा से ज्यादा शिक्षा दिलाने पर जोर दिया। फहद खान ने सोसाइटी को आर्थिक मदद देने की अपील की। मोहम्मद वसीम ने सोसाइटी की फाइनेंशियल रिपोर्ट पेश की। इस मौके पर अबरार, जमील रजा, इफ्तिखार, दानिश, तकी, शरीफ अहमद खान, कासिम एहतेशाम, सय्यद अजहर , आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता शादाब खां व संचालन अब्दुल माजिद ने किया।

## बोरे नहीं हैं... कहकर टाले जा रहे किसान

रामपुर, अमृत विचार: भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह गंगवार के नेतृत्व में सोमवार को कलेक्ट्रेट में पंचायत हुई। किसानों ने प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।

किसानों ने कहा कि मिलक, बिलासपुर, शाहाबाद, स्वार, टांडा पूरे जिले की मंडियों में किसानों के साथ समस्या है की गेहूं नहीं खरीदा जा रहा है। किसी भी केंद्रों पर बोरे ना होने की बात कहकर किसानों को टाला जा रहा है। बे-मौसम बारिश के कारण जो गेहूं की फसलें बर्बाद हुई है। अभी तक उसका सर्वे नहीं कराया गया है। 17 अप्रैल को होने वाली मासिक पंचायत में किसानों के मुद्दे को उठाया जाएगा। इस मौके पर सुनील मौर्य, फरीद खां, बाबर खां, विजयपाल कैशप, रामदास कोहली, सूरजपाल यादव, मुताहिर खां, मुशीब अली खां, जिला मीडिया प्रभारी अब्दुल रज्जाक खान सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

# वर्टिकल व्यवस्था से परेशानी, निर्बाध मिले बिजली



सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपता व्यापार मंडल का शिष्टमंडल। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● बिजली व्यवस्था में सुधार को लेकर व्यापारियों ने सहायक अभियंता को सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के शिष्टमंडल ने सोमवार को जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा के नेतृत्व में नवाब गेट बिजली घर पर सहायक अभियंता एमबी सिंह से मुलाकात की और विद्युत समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा। शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि वर्टिकल व्यवस्था में भी बिजली परेशान कर रही है, निर्बाध आपूर्ति मिलनी चाहिए।

व्यापारियों ने बताया कि वर्तमान समय में लगातार बाधित हो रही आपूर्ति एक गंभीर समस्या हो गई है। जिससे परेशानी का सामना करना पड रहा है। बार-बार ट्रिपिंग और बिजली न होने के कारण जनजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड रहा है और आजीविका भी प्रभावित हो रही है ओवरलोड, कभी फाल्ट, कभी ट्रिपिंग, कभी अग्रिम सावधानी बरते जाने के कारण सप्लाई बंद कर दी जाती हैं। जबकि निरंतर निर्बाध आपूर्ति की अत्यंत आवश्यकता है। पतंगबाजी और टहनियों की कटाई छंटाई के नाम पर भी लगातार आपूर्ति बंद किया जाना अनुचित है। सबस्टेशन पर दैनिक आधार पर प्रत्येक बार बाधित आपूर्ति को नियमित रूप से अंकित किया जाना आवश्यक है। इस दौरान शैलेंद्र शर्मा, जिलाध्यक्ष मो. शाहिद शम्सी, जिला महामंत्री शुऐब मो. खां, नगर अध्यक्ष प्रदीप खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष शकेब शम्सी, जिला युवामहामंत्री चंद्र प्रकाश रस्तोगी, जिला संगठन मंत्री नजमी खां, नगर उपाध्यक्ष फरुख सऊद नगर मंत्री सहित मौजूद रहे।

### स्मार्ट मीटरों की समस्याओं को लेकर की शिकायत



बिलासपुर, अमृत विचार : विद्युत उपभोक्ताओं के लगाए गए स्मार्ट मीटरों में धनराशि माइनस में जाते ही कट रही विद्युत आपूर्ति से गुस्साए नागरिकों ने अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपकर समस्या का समाधान कराने की मांग की। सोमवार को सभासद मोहसिन खां और फैजान खां के नेतृत्व में तमाम विद्युत उपभोक्ता बिजलीघर पहुंचे। जहां उन्होंने अधिशासी अभियंता कर्मवीर सिंह से मुलाकात की। उपभोक्ताओं ने बताया कि विभाग द्वारा नगर क्षेत्र में जो भी स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, उनसे उपभोक्ता काफी परेशान हैं। बैलेंस जरा सा माइनस होने पर तुरंत आपूर्ति कट जा रही है। साथ ही तुरंत रिचार्ज करने के बाद भी घंटों के हिसाब से बिल अपडेट होने में समय लग जाता है। तब तक लोग अंधेरे में बैठे नजर आते हैं। इस मौके पर दिलशाद खां, भूरा अली, मुन्ना खां, रफी खां, राजवीर सिंह, राजेंद्र, वेदप्रकाश आदि मौजूद रहे।

# बाबा साहब का भारत निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान



बाबा साहब को पुष्पांजलि देते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार



विद्यालय में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाते। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: सोमवार को सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में भारतीय संविधान निर्माता एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। शिक्षकों ने डॉ. आंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला।

बताया कि बाबा साहब का भारत निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधियां प्राप्त की तथा विधि, अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान में शोध कार्य भी किये थे। स्वतंत्रता के लिए प्रचार और चर्चाओं में शामिल हुए और पत्रिकाएं प्रकाशित की। उन्होंने दलितों के लिए राजनीतिक अधिकारों की तथा सामाजिक स्वतंत्रता की वकालत की। हिंदू धर्म में व्याप्त कुरीतियों और छुआछूत की प्रथा से तंग आकर सन् 1956 में उन्होंने बौद्ध धर्म अपना लिया था। सन् 1990 में, उन्हें भारत रत्न, भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से मरणोपरांत सम्मानित किया गया था। इस अवसर पर कंपोजिट स्कूल घाटमपुर का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### आंबेडकर के विचारों को अपनाने का आह्वान

रामपुर, अमृत विचार : डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर सोमवार को वाल्मीकि शक्ति डॉ. अंबेडकर उत्थान सेवा समिति द्वारा रामपुर चादर वाला बाग में विचार गोष्ठी की गई। आयोजक व समिति के प्रमुख प्रेम प्रकाश ने समाज के उत्थान, शिक्षा के प्रसार एवं समानता के संदेश को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया। उन्होंने डॉ. आंबेडकर के विचारों को अपनाने तथा समाज में एकला एवं जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। समिति के प्रदेश सचिव हरि भजन ने संचालन किया। इस अवसर पर डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। अंत में सभी ने डॉ. अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने एवं समाज के विकास के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। गोष्ठी में हरिभजन, धर्म कुमार वाल्मीकि, जमीर अंसारी, शिविंद्र भारती, महिपाल, विजय कुमार, आकाश, संजू प्रकाश सहित अन्य मौजूद रहे। अध्यक्षता संजू प्रभारी ने किया।

### त्रकला, पोस्टर, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित

स्वार, अमृत विचार : डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम की शुरुआत वंदना सभा से हुई, जिसके बाद प्रभारी ब्रजकिशोर मौर्य की देखरेख में प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा के निर्देशन में सभी आचार्यों ने बाबा साहब के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। छात्राओं के बीच चित्रकला, पोस्टर, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिताएं कराईं गईं। अनिल कुमार सागर, प्रकाश बाबू सागर एवं गौरव सिंह ने बताया कि डॉ. अंबेडकर ने शोषित, पीड़ित एवं दलित समाज के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। शिक्षित बनो, संघर्ष करो, आगे बढ़ो का संदेश दिया। बालिका शिक्षा प्रमुख राधा शर्मा, पर्यावरण प्रमुख सुनीता मौर्य, रंगोली एवं सज्जा प्रमुख सुनीता रानी मौर्य, वंदना प्रमुख पूजा, कुमारी आकृति गंगवार, छाती लोधी, उमेश कुमार एवं नरोत्तम सिंह मौर्य आदि मौजूद रहे।

### शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो



रामपुर, अमृत विचार : पूर्व माध्यमिक विद्यालय लालपुर पट्टी कुंदन चमरौआ में कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। शिक्षकों ने बाबा साहब के प्रसिद्ध नारे शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो पर प्रकाश डाला और छात्रों को उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान समाज में समानता, न्याय और बंधुत्व के मूल्यों को अपनाने का संकल्प भी दिलाया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापक रवि माथुर, धर्मवीर सिंह, ग्राम प्रधान लाल सिंह, पूनम, सावित्री सहित अन्य लोगों ने सक्रिय सहभागिता की।

### आंबेडकर ने लगन और संघर्ष से प्राप्त की सफलता



मिलक, अमृत विचार : हेरिटेज चिल्ड्रन एकेडमी मिलक में संविधान दिवस को भीमराव आंबेडकर की जयंती के रूप में मनाया। प्रधानाचार्या डॉ. रीना दुबे, प्रबंधक मनोज कुमार पांडे एवं कोऑर्डिनेटर एलआर कुशवाहा ने सामूहिक रूप से बाबा साहब के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया। प्रधानाचार्या ने कहा कि आंबेडकर को बचपन से ही आर्थिक और सामाजिक भेदभाव का सामना करना पड़ा लेकिन मेहनत, लगन और संघर्ष से सफलता प्राप्त की। विद्यालय प्रबंधक मनोज कुमार पांडेय ने उनके मूल्यों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। संचालन अध्यापिका ममता सिंह ने किया। कोऑर्डिनेटर एलआर कुशवाहा, दीपांकर सिंह, रोहित चंदन, नीरज सक्सेना, यशपाल सिंह, हिमांशु शर्मा, महेंद्र पांडे आदि मौजूद रहे।

## सब पढ़ें, सब बढ़ें, शिक्षा है अधिकार

रामपुर, अमृत विचार: प्राथमिक विद्यालय लालपुर कलां में शबनम आरा के नेतृत्व में स्कूल चलो अभियान के तहत स्कूली बच्चों ने जागरूकता रैली निकाली। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक गांव की गलियों में भ्रमण करते हुए सब पढ़ें, सब बढ़ें, शिक्षा है अधिकार हमारा जैसे प्रेरणादायक नारे लगाए। रैली के दौरान ग्रामीणों को बच्चों का नामांकन कराने, उनकी नियमित उपस्थिति करने तथा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया। रैली ने पूरे गांव में सकारात्मक वातावरण बनाते हुए शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जागरूकता रैली में प्रधानाध्यापक शबनम आरा, रीना, निदा खान, बुशरा, फिरदौस, आराधना सक्सेना, नंदकिशोर एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रहीं।

# मांगों को लेकर किसानों का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

● आंधी-बारिश से हुए नुकसान का मुआवजा दिलाए प्रशासन

अमृत विचार : भाकियू अंबावता से जुड़े किसान सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्शन करने के बाद समस्याओं से सम्बंधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट सालिग राम को सौंपा। छुट्टा पशुओं को गोशाला भेजने और आंधी बारिश में बर्बाद हुई फसल का मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

भाकियू के प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि प्रशासन किसानों को आंधी बारिश में बर्बाद हुई फसल का मुआवजा दिलाए। ज्ञापन में कहा गया है कि छुट्टा पशुओं को गोशाला भिजवाए, फर्जी अल्ट्रासाउंड सेंटर बंद कराने और रुद्र-बिलास चीनी मिल का जीर्णोद्धार कराए जाने की मांग उठाई। ग्रामीण क्षेत्रों में फॉगिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव कराए जाने की मांग की गई है। प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि किसान अपनी समस्याएं लेकर जिलाधिकारी तक पहुंचते ताकि, उनकी समस्याओं का निराकरण करा दिया जाए। कहा कि आयुर्वेद यूनानी के चिकित्सक लोगों का एलोपैथिक इलाज कर रहे हैं। कहा कि अल्ट्रा साउंड सेंटरों पर विशेषज्ञ डॉ. नहीं हैं झोलाछाप ही अल्ट्रा साउंड कर रहे हैं। प्रदर्शन करने वालों में राष्ट्रीय महासचिव शोएब इजहार खान, निर्मल सिंह, हड़ताल सिंह यादव, ठाकुर श्यामवीर सिंह, नवाब अली, शकील अहमद, मुबारक हसन, रईस अहमद, बिलाल अहमद, अफजल नसी,म गुलवेज अहमद, महबूब अली पाशा आदि शामिल रहे।

## स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली जागरूकता रैली

मसवासी, अमृत विचार: क्षेत्र के खानपुर उत्तरी मजरा रज्जावाला में सोमवार को स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों ने जागरूकता रैली निकालकर शिक्षा का संदेश दिया 6 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया।

सोमवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय खानपुर उत्तरी में प्रधानाध्यापक सुखलाल के नेतृत्व में आयोजित रैली में बच्चों ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर स्कूल चलो के नारे लगाए। रैली मजरा रज्जावाला से शुरू होकर प्राथमिक विद्यालय खानपुर उत्तरी पहुंची, जहां समापन हुआ। अभियान के दौरान अभिभावकों से अपील की गई कि वह अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें। रैली में प्राथमिक विद्यालय खानपुर उत्तरी और प्राथमिक विद्यालय रज्जावाला के छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक-शिक्षिकाएं भी शामिल रहीं। इस मौके पर दिलीप कुमार, शीलावती, सुखजीत कौर, शरीफ अहमद, कुलदीप कुमार, नेहा कंबोज, अविनाश पांडे और भावना सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# गुरुद्वारा सिंह सभा में 25 प्राणियों ने किया अमृत पान



गुरुद्वारा सिंह सभा में पदाधिकारियों के साथ अमृत पान करने वाले प्राणी।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● आज धूमधाम से मनाया जाएगा बैसाखी का पर्व

अमृत विचार: सिविल लाइंस स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में बैसाखी पर अमृत संचार हुआ जिसमें 25 प्राणियों ने अमृत पान किया। इस मौके पर सिख मिशनरी हापुड़ के भाई मोकम सिंह व उनके साथी के द्वारा अमृत संचार कराया गया। इस मौके पर गुरुद्वारा प्रधान सरदार निर्मल सिंह ने कहा कि हर सिख का फर्ज बनता है कि वह अमृत पान करें, अमृत पान किए बिना सिख अधूरा है।

गुरुद्वारा प्रधान ने कहा कि जिन प्राणियों ने अमृत संचार किया है वह बधाई के पात्र हैं। इस मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान द्वारा सिख मिशनरी हापुड़ भाई मोकम सिंह व उनके साथियों को सरोपा भेंट किया। समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने बताया कि आज बैसाखी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। बाहर से आए रागी जत्थे शबद कीर्तन से संगत को निहाल करेंगे। इसके बाद गुरु का अटूट लंगर बरताया जाएगा। अखंड पाठ साहब की समाप्ति मंगलवार की सुबह 9 बजे होगी। देर शाम 4 बजे तक दीवान चलेगा। इस मौके पर सरदार निर्मल सिंह, मनमीत सिंह, जसपाल सिंह, अमरजोत सिंह कपूर, अवतार सिंह, ग्रंथि सुरजीत सिंह, जगमोहन सिंह, निरवैर सिंह, इंद्रजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## नलकूप चालकों की ड्यूटियों में परिवर्तन की मांग

रामपुर, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का प्रतिनिधि मंडल सोमवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार वर्मा से मिला और ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष रामबाबू शर्मा ने कहा कि सिंचाई विभाग के नलकूप चालकों की ड्यूटियां से 50 से 60 किमी दूर शहरी क्षेत्र में लगा दी गई हैं। जबकि सभी नलकूप चालक ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत हैं। ड्यूटियों में परिवर्तन कराने की मांग की। सिंचाई विभाग के दो दर्जन से अधिक कर्मचारी जिला अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बरकत के नेतृत्व में अपर जिलाधिकारी से मिले। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने अधिशासी अभियंता नलकूप खंड, नगर मजिस्ट्रेट को प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। प्रतिनिधिमंडल में सिंचाई संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राम अवतार पांडे, धर्मेंद्र साहू, सोमपाल सिंह, नईम खान, चंद्रपाल सिंह, प्रभु दयाल, भास्कर सिंह, दिलीप कुमार, दिनेश कुमार, सुमित कुमार, भगवान दास, ज्ञानेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, सुमित कुमार सिंह, चंद्रसेन आदि शामिल रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### बुखार से शिक्षक का निधन, परिजन गमगीन

हसनपुर, अमृत विचार : तेज बुखार से पीड़ित निजी स्कूल के शिक्षक की मौत हो गई। इकलौते बेटे के निधन पर परिजनों का रो रोकर बुराहाल है। शिक्षक छह दिन से बुखार से पीड़ित थे। कस्बा निवासी विशाल (28) को पिछले सप्ताह बुखार आया था। तब उन्होंने दवा ले ली थी, उससे फायदा हुआ।


शिक्षक विशाल।

लेकिन कुछ दिन बाद उनकी हालत फिर से बिगड़ गई। परिजन उन्हें दिल्ली स्थित एक अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। विशाल अपने माता-पिता के अकेले बेटे थे, जिनके कंधों पर पूरे घर की जिम्मेदारी और भविष्य की उम्मीदें थीं। जवान बेटे का शव देख कर मां ज्योत्सना शर्मा का रो-रोकर बुरा हाल है।

### जंगली सूअर के शिकार का वीडियो वायरल

अमरोहा, अमृत विचार : नौगावां सादात थाना क्षेत्र में जंगली सूअर के अवैध शिकार और उसके साथ क्रूरता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो थाना नौगांवा सादात क्षेत्र का है। वायरल वीडियो में कुछ युवक एक जंगली सूअर को बांधकर बाइक से ले जाता हुआ दिख रहा है। इसके बाद आरोपी उसके साथ हिंसक व्यवहार करता नजर आ रहा है। यह वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल किया था। वीडियो सामने के बाद वन विभाग हरकत में आ गया। वन दरोगा केपी सिंह की शिकायत के आधार पर नौगावां सादात थाना पुलिस ने महेंद्र और दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### धूमधाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव

गजरौला, अमृत विचार : सोमवार को क्षेत्र के गांव सुल्तानठेर में स्थित कम्पोजिट विद्यालय में धूमधाम के साथ वार्षिक उत्सव मनाया तथा बच्चों को परीक्षा फल वितरण का आयोजन भी किया गया। जिसकी मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता और अतिथि के रूप में जितेंद्र सागर और वही विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुखभान तथा ग्राम प्रधान चंद्रपाल सिंह एवं समस्त विद्यालय का स्टाफ व ग्रामवासी मौजूद रहे। इस अवसर पर पबनेश, अभय यादव, अमित राणा, अमिताभ राणा, किशन लाल आदि मौजूद रहे।

# बाबा साहब की मूर्ति हटवाने को लेकर हंगामा

## गांव जेवड़ा मुस्तकम में स्थापित की गई थी मूर्ति, एक पक्ष के अनुसार रातों रात लगाई गई प्रतिमा, पुलिस तैनात

- जातीय संघर्ष की स्थिति बनने पर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे एसडीएम

संवाददाता रहरा/बुरावली

अमृत विचार: रहरा थाना क्षेत्र के एक गांव में कुछ ग्रामीणों ने सत्ता से जुड़े लोगों के इशारों पर बिना प्रशासन की अनुमति के रातों-रात डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापित कर दी। सुबह होने पर ग्रामीणों को पता लगने के बाद उन्होंने इसका विरोध किया। जिसके बाद गांव में जातीय संघर्ष की स्थिति बन गई। जानकारी मिलने पर उप जिलाधिकारी हसनपुर हिमांशु उपाध्याय तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी पंकज त्यागी सर्किल की फोर्स के साथ गांव में पहुंच गए।

मामला रहरा थाना क्षेत्र के गांव जेबडा मुस्तकम का है। गांव के एक पक्ष का आरोप है कि सत्ता पक्ष के नेताओं के इशारे पर गांव के कुछ लोगों ने प्रशासन की बिना अनुमति के गांव से पश्चिम में शहबाजपुर गुर्जर को जाने वाले मार्ग पर अंबेडकर पार्क में बिना प्रशासन की अनुमति के रविवार देर रात बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी गई। जानकारी लगने पर दूसरे पक्ष के लोगों ने विरोध किया और मूर्ति हटवाने को कहा। इसी को लेकर माहौल तनाव पूर्ण हो गया।

जानकारी लगने पर एसडीएम हिमांशु उपाध्याय, नायब तहसीलदार मनोज कुमार तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी हसनपुर मय पुलिस फोर्स के गांव में पहुंच गए। अधिकारियों के पहुंचने पर मौके से शरारती तत्व भाग गए।


हंगामा करते लोगों को समझाती पुलिस। • अमृत विचार


मूर्ति न हटवाने की जिद पर अड़ी महिलाएं। • अमृत विचार

### महिलाओं को कर दिया आगे

एक पक्ष के लोगों ने बताया कि अधिकारियों के पहुंचने पर शरारती तत्व गांव से भाग और महिलाओं को आगे कर दिया। बताया कि प्रशासन ने जब बिना अनुमति के प्रतिमा हटाने की बात कही तो गांव की महिलाएं आगे आ गयीं तथा पुलिस से नोक झोंक करने लगीं। पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य चंद्रपाल सिंह खड़गवंशी ने महिलाओं को अनुमति न होने का हवाला देते हुए समझाने का प्रयास किया। मौके पर पहुंचे आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल उपाध्यक्ष मोनू सागर भी मौके पर पहुंच गए।

### प्रतिमा हटवाने को प्रयास करते रहे अधिकारी

बताया जाता है कि जानकारी मिलने पर पहुंचे अधिकारियों ने मूर्ति हटवाने का प्रयास किया। तब महिलाएं पुलिस और अधिकारियों से उलझ गईं। इस मौके पर महिलाओं की पुलिस कर्मियों से नोकझोंक भी हुई। महिलाओं की जिद है कि अब मूर्ति नहीं हटाई जाएगी। देर शाम तक पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी गांव के लोगों को समझाने का प्रयास करते रहे, लेकिन कोई मानने को तैयार नहीं था। इससे गांव में माहौल तनावपूर्ण है। इस दौरान इस दौरान सुभाष, बबली, सर्वेश, सावित्री, ममता, शांति देवी और अरविंद एडवोकेट समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

> जेवड़ा मुस्तकम के कुछ ग्रामीणों ने रविवार देर रात बगैर अनुमति के डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा स्थापित कर दी। 4 वर्ष पहले भी गांव में ऐसा ही एक बवाल हुआ था। शरारती तत्व मौके से फरार हो गए हैं। बगैर अनुमति के मूर्ति स्थापित करना गलत है। ग्रामीणों को समझाया जा रहा है।
>
> – अखिलेश प्रधान, प्रभारी निरीक्षक, थाना-रहरा

# गुलदार को पकड़वाने की मांग, दिया ज्ञापन


एसडीएम को ज्ञापन देते किसान • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

- किसान यूनियन ने पीड़ित परिवार के लिए मांगी सहायता

अमृत विचार : बिजनौर के नजीबाबाद क्षेत्र के कमालपुर खाईखेड़ी गांव में बच्ची पर गुलदार के हमले के बाद भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) सक्रिय हो गई है। यूनियन पदाधिकारियों ने सोमवार को वन विभाग को ज्ञापन सौंपकर ग्रामीणों की सुरक्षा और पीड़ित परिवार को सहायता दिलाने की मांग उठाई।

ज्ञापन के माध्यम से यूनियन प्रतिनिधियों ने वन क्षेत्राधिकारी रेंजर रामकुमार को अवगत कराया कि गांव निवासी अल्ताफ की पुत्री सना पर गुलदार ने हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस घटना के बाद पूरे गांव में भय और दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण लगातार वन विभाग से सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। यूनियन ने ज्ञापन में चार प्रमुख मांगें रखीं। इसमें गुलदार को पकड़ने के लिए तत्काल पिंजरा लगाने, गांव में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने, घायल बच्ची के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने और पीड़ित परिवार को नियमानुसार मुआवजा व आर्थिक सहायता देने की मांग शामिल है।

# पुलिस ने तीन चोरों को किया गिरफ्तार

- रेकी कर करते थे चोरी, गिरोह का खुलासा

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार: पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए अंतर्राज्यीय फ्लैट चोर गिरोह का भंडाफोड़ कर मुख्य सरगना समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नकदी, सोना-चांदी के जेवरात और वारदात में प्रयुक्त वाहन बरामद किए हैं, जिनकी कुल कीमत करीब 8 लाख रुपये आंकी गई है।

कोतवाली शहर पुलिस और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में इस गिरोह का पर्दाफाश हुआ। पुलिस के अनुसार, 13 मार्च 2026 को यशोदा कुंज कॉलोनी निवासी अमित अग्रवाल के घर में हुई चोरी की घटना के बाद से ही जांच जारी थी। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर घेराबंदी कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में मेरठ निवासी वसीम अकरम उर्फ चपटा, विनय उर्फ रिंकू उर्फ चाचा और अरुण वर्मा शामिल हैं। इनमें वसीम गिरोह का सरगना है, जिस पर विभिन्न जनपदों में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जबकि अरुण वर्मा चोरी के जेवरों को गलाकर ठिकाने लगाने का काम करता था। आरोपियों के पास से 2.48 लाख रुपये नगद, सोने-चांदी के आभूषण, करीब एक किलो चांदी की सिल्ली, एक कार और बिना नंबर प्लेट की स्प्लेंडर बाइक बरामद की है। साथ ही ताला तोड़ने के औजार भी कब्जे में लिए गए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे बंद पड़े फ्लैटों की रेकी कर वारदात को अंजाम देते थे। चोरी के माल को आपस में बांट लेते थे। पुलिस ने तीनों आरोपियों को जेल भेजते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।


घटना का खुलासा करते हुए पुलिस अधिकारी। • अमृत विचार

# जेसीबी की टक्कर से युवक की मौत

अमरोहा, अमृत विचार: नगर कोतवाली क्षेत्र के गांधी मूर्ति मार्ग पर रविवार की रात को तेज रफ्तार जेसीबी की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

यह घटना नगर कोतवाली क्षेत्र के गांधी मूर्ति चौराहे के पास की है। मृतक की पहचान मोहल्ला जय ओम नगर निवासी हरीश (50) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह बाइक से कहीं जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार जेसीबी ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जेसीबी को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नगर कोतवाल सुनील कुमार ने बताया कि अज्ञात चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। फरार चालक की तलाश की जा रही है।

# आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर जलाए दीप

हसनपुर, अमृत विचार: बाबा भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर सोमवार की शाम को नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने कार्यकर्ताओं एवं डॉ भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर नगर स्थित अंबेडकर पार्क पर दीपक जलाएं और बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। चेयरमैन राजपाल सैनी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा अंबेडकर पार्क के चारों तरफ दीपक जलाएं और इसी के साथ जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर लोग सामूहिक रूप से दीपक जलाकर उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की गई है। इस मौके पर अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार गौतम, सभासद शुभम अग्रवाल, पंकज भटनागर, राजपाल सैनी, सचिन गुप्ता, अर्पण गुप्ता, रवि शंकर शर्मा, रामवीर सिंह, अरविंद अन्ना, रितेश कुमार, मुकुल, विजय, जंग बहादुर, जगजीत सिंह मौर्य, राहुल, अशोक, रोहतास आदि मौजूद रहे।


सफाई अभियान के दौरान मौजूद लोग। • अमृत विचार

### विधायक ने की आंबेडकर की प्रतिमा की सफाई

- डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा और परिसर में विधायक ने की साफ-सफाई

गजरौला, अमृत विचार : संविधान शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर सोमवार को क्षेत्र के गांव सलेमपुर गोसाईं में विधायक राजीव तरारा ने पार्टी के कार्यकताओं के साथ डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा व पूरे परिसर में साफ-सफाई की। स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसने बाबा साहब को सच्चा सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार गरीबों, वंचितों और दलितों के हितों के लिए लगातार कार्य कर रही है, और इन उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी का कर्तव्य है।

# दुर्व्यवहार पर चौकी इंचार्ज और दो सिपाही निलंबित

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

- एसपी के निर्देश पर विभागीय जांच शुरू

अमृत विचार: पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने अनुशासनहीनता और दुर्व्यवहार के आरोप में तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। इनमें अमरोहा नगर कोतवाली क्षेत्र की भूड़ चौकी के प्रभारी भी शामिल हैं। निलंबित किए गए पुलिसकर्मियों में चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक संजीव कुमार, कांस्टेबल मोमिन अली और हेड कांस्टेबल संदीप कुमार शामिल हैं।

तीनों के खिलाफ तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्रवाई की गई है। शिकायत के मुताबिक मामला शहर के एक मुकदमें से जुड़ा है। आरोप है कि 10 अप्रैल 2026 को एक आरोपी के पुत्र को बिना किसी वैधानिक आधार के चौकी पर लाया गया। वहां उसके साथ दुर्व्यवहार किया गया और उच्च अधिकारियों को सूचना दिए बिना उसे अनाधिकृत रूप से चौकी पर रखा गया। पीड़ित ने इसकी शिकायत एसपी से की थी। जिसके बाद एसपी लखन सिंह ने इस मामले की जांच कराई। प्रारंभिक जांच में यह कृत्य गंभीर लापरवाही और अनुशासनहीनता का पाया गया। इसके बाद तीनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर उनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश जारी कर दिए गए हैं। एसपी ने स्पष्ट किया कि पुलिस विभाग में अनुशासनहीनता के मामलों में शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जा रही है। दोषी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बिजली विभाग के खिलाफ किया प्रदर्शन

- बिजली बिल में गड़बड़ी को लेकर भड़कीं महिलाएं

संवाददाता हसनपुर

अमृत विचार: नगर में स्मार्ट मीटर की समस्या को लेकर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। लगातार बढ़ते बिजली बिल और विद्युत बिल में गड़बड़ी से परेशान क्षेत्रीय लोगों ने सोमवार को नगर के अंबेडकर पार्क स्थित विद्युत कार्यालय पर महिलाओं द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

महिलाओं का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उनके बिजली बिलों में अचानक बढ़ोतरी हो गई है। कई लोगों ने बताया कि पहले जहां सामान्य बिल आता था, वहीं अब दोगुना या उससे अधिक बिल आ रहा है। इसके अलावा मीटर रीडिंग में भी अनियमितता की शिकायतें सामने आ रही हैं, जिससे लोगों में आक्रोश है। प्रदर्शनकारी महिलाओं का कहना था की एडवांस बिल जमा करने के बाद भी विद्युत आपूर्ति काटी जा रही है, महिलाओं द्वारा मांग की गई कि हमारे यहां लग रहे स्मार्ट मीटर को हटवाकर पुराना मीटर लगाया जाए। अगर विद्युत विभाग द्वारा हमारे यहां पुराने मीटर नहीं लगवाए गए तो हम आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं द्वारा जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शन करने वालों में रिंकी, गेंदा, सुनीता, राजबाला, कमलेश, बबीता, उर्मिला, सुशीला, सीमा, पिंकी, सुमन, बाला आदि महिलाएं मौजूद रही।


एसडीओ कार्यालय पर प्रदर्शन करती महिलाएं। • अमृत विचार

## न्यूज डायरी

### बाबा साहब की जयंती की पूर्व संध्या पर चला स्वच्छता अभियान



मंडी धनौरा, अमृत विचार : सोमवार को क्षेत्र के गांव कमालपुर में स्थिति भारत रत्न एवं भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती से पूर्व एक विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान धनौरा के पूर्व चेयरमैन राजेश सैनी के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिमा स्थल की सफाई के साथ-साथ प्रतिमा का विधिवत शुद्धिकरण भी किया गया। साफ-सफाई के उपरांत पूर्व चेयरमैन राजेश सैनी सहित उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व चेयरमैन राजेश सैनी, रोजगार सेवक संघ के जिला अध्यक्ष कुबेर सिंह, भाजपा धनौरा पिछड़ा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सौरभ सैनी, रामकिशोर, शिवलाल सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।



### डॉ. यतींद्र कटारिया की पुस्तक का विमोचन किया गया

मंडी धनौरा, अमृत विचार : प्राचीन नगरी हस्तिनापुर में आयोजित हस्तिनापुर साहित्य महोत्सव के अवसर पर धनौरा के निवासी अंतरराष्ट्रीय हिंदी सेवी एवं प्रख्यात लेखक डॉ. यतींद्र कटारिया की पुस्तक हस्तिनापुर कल, आज और कल का विमोचन किया गया। यह विमोचन कार्यक्रम आरिफ मोहम्मद खान पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व राज्यपाल एवं स्वामी कर्मवीर द्वारा संयुक्त रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. यतींद्र कटारिया को देश-विदेश में हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार तथा हस्तिनापुर में पहली बार साहित्य महोत्सव के सफल आयोजन के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनके साहित्यिक योगदान की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।



### गैस की किल्लत पर भड़के लोग

हसनपुर, अमृत विचार : क्षेत्र के ग्राम बेगपुर मुंडा चौराहे पर राष्ट्र सेवी संगठन द्वारा आयोजित एक गोष्ठी में कार्यकर्ताओं ने स्थानीय प्रशासन और गैस एजेंसी की कार्यप्रणाली पर गहरा रोष व्यक्त किया। बैठक में दैनिक उपयोग और शादी-ब्याह के सीजन में रसोई गैस की भारी किल्लत का मुद्दा प्रमुखता से छाया रहा। संगठन के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि हसनपुर गैस एजेंसी पर पिछले चार दिनों से गैस उपलब्ध नहीं है, जिससे आम जनता त्रस्त है। संगठन के मुरादाबाद मंडल संयोजक डॉ. रुमाल सिंह ने बताया कि जब उन्होंने समस्या के समाधान के लिए क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक को फोन किया, तो उन्होंने फोन उठाना भी मुनासिब नहीं समझा। जिला पूर्ति अधिकारी से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कई बार घंटी बजने के बाद फोन तो उठाया राष्ट्रीय संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि गैस की समस्या अधिकारियों के गैर जिम्मेदाराना रवैए के चलते बनी हुई है।

### मनमानी फीस वूसलने के विरोध में डीएम को दिया ज्ञापन

अमरोहा, अमृत विचार : सोमवार को समाजवादी छात्र सभा के जिला अध्यक्ष अनुज त्यागी उर्फ गोलू के नेतृत्व में दर्जनों छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने निजी विद्यालयों द्वारा मनमानी तरीके से फीस वसूलने को लेकर कलेक्ट पर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स को एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सपा छात्र सभा के जिला अध्यक्ष अनुज त्यागी और गोलू ने कहा कि निजी विद्यालय द्वारा अभिभावकों से मनमानी तरीके से फीस वसूली जा रही है। जिससे अभिभावकों के साथ आमजन परेशान हैं। प्रत्येक वर्ष नियमों को दरकिनार कर मनमानी तरीके से निजी विद्यालयों द्वारा फीस में बढ़ोत्तरी की जाती है। जिससे अभिभावकों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स को इस मामले की निष्पक्ष जांच संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से मोहम्मद आमिर, गुड्डू प्रधान, दीपेंद्र यादव, मोहित कुमार, सचिन त्यागी, शुभम त्यागी, योगेश त्यागी, सुधीर कुमार आदि छात्र सभा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# हर घर जल योजना में लापरवाह फर्मों पर सख्ती


बैठक में निर्देश देतीं डीएम निधि गुप्ता। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

- बैठक में डीएम ने जताई नाराजगी कार्य में तेजी लाने के निर्देश

अमृत विचार: कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के तहत 'हर घर नल-हर घर जल योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यों की धीमी प्रगति और लापरवाही पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए संबंधित फर्मों के खिलाफ शासन को पत्र भेजने के निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान पाया गया कि एसपीएमएल, एलसी इंफ्रा और ओमिल फर्मों द्वारा अपेक्षित गति से कार्य नहीं किया जा रहा है और नियमित जल आपूर्ति सहित अन्य कार्यों में लापरवाही बरती जा रही है। इस पर जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए।

डीएम ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि लंबित कार्यों को तेजी से पूरा करें, ताकि आमजन को योजना का लाभ मिल सके। डीएम ने नगर पालिका क्षेत्र में पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं के शीघ्र हस्तांतरण के निर्देश दिए। साथ ही प्रत्येक विकास खंड में महिला पंप ऑपरेटरों को प्रोत्साहित कर प्रशिक्षण देने पर जोर दिया, ताकि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके। बैठक में अधिशासी अभियंता जल निगम चंद्रहास, सहायक अभियंता शहरोज आरिफ समेत संबंधित अधिकारी और फर्मों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### आवास योजन के तहत 11 हजार से अधिक मकान बने

अमरोहा, अमृत विचार : प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी व ग्रामीण) और मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत जिले में अब तक 11 हजार से अधिक शहरी और सैकड़ों ग्रामीण आवासों का निर्माण पूरा हो चुका है। प्रभारी पीओ डूडा एवं डिप्टी कलेक्टर मसीहा नजम ने बताया कि पीएम आवास योजना (शहरी) 1.0 के तहत जिले में 11,324 आवास स्वीकृत किए गए थे। इनमें से 11,148 आवासों का निर्माण पूरा हो चुका है। सभी लाभार्थियों को पहली किस्त जारी कर दी गई थी, जबकि 11,148 लाभार्थियों को पूरी धनराशि भी मिल चुकी है। वहीं पीएम आवास योजना 2.0 को लेकर भी लोगों में खासा उत्साह है और इसके लिए 25 हजार नए आवेदन प्राप्त हुए हैं। परियोजना निदेशक डीआरडीए अंबरीश कुमार के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2024-25 में पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत स्वीकृत 182 आवासों का निर्माण शत-प्रतिशत पूरा कर लिया गया है।

# पीएम सूर्य घर योजना में लापरवाही पर डीएम नाराज

अमरोहा, अमृत विचार: विकास भवन सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर योजना, जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम और कैच द रेन अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि एक सप्ताह का विशेष अभियान चलाकर अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराए जाएं और अगले सप्ताह में सोलर पैनल लगाने का कार्य तेजी से पूरा किया जाए। उन्होंने लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि योजना में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि जो जेई कार्य में लापरवाही बरत रहे हैं, उनकी जिम्मेदारी तय की जाए। साथ ही बैंकों को अगली बैठक में पूर्ण डाटा के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए।

## न्यूज ब्रीफ

### तीसरी की छात्रा को दिया पांचवीं का रिजल्ट

**संभल, अमृत विचार :** बीएसए कार्यालय से कुछ दूर बहजोई नगर के गोलागंज मोहल्ले स्थित एक सरकारी प्राइमरी स्कूल से शिक्षा व्यवस्था की गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि छात्रा वर्तमान में कक्षा 3 की पढ़ाई कर रही है, लेकिन स्कूल प्रशासन ने उसे कक्षा 5 का परिणाम देकर आगे कक्षा 6 में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी। इससे न केवल बच्ची बल्कि उसके परिजन भी हैरान हैं। परिजनों का कहना है कि बच्ची का शैक्षिक स्तर अभी कक्षा 3 के अनुरूप है, ऐसे में उसे सीधे कक्षा 6 में भेजना उसके भविष्य के साथ खिलवाड़ है। संबंधित शिक्षक पर 120 रुपये की मांग करने का भी आरोप लगाया गया है।

### तहसील परिसर में पूर्व सैनिक से अभद्रता

**बबराला, अमृत विचार :** गुन्नौर तहसील परिसर में मुकदमे की पैरवी करने आए एक पूर्व सैनिक के साथ बदसलूकी की गई। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार बबराला थाना क्षेत्र के गांव कैल निवासी पूर्व सैनिक सोमवीर सिंह 7 अप्रैल को एक मुकदमे की पैरवी के सिलसिले में तहसीलदार न्यायालय गुन्नौर पहुंचे थे। आरोप है कि इसी दौरान गांव के ही उदयवीर सिंह, शिवराज और राजकुमार ने उन्हें तहसील परिसर में घेर लिया। तीनों आरोपियों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए गाली-गलौज की। मुकदमे की पैरवी करने पर जकान से मारने की धमकी दी।

### मनोज कुमार ने संभाला एएसपी दक्षिणी का कार्यभार

**संभल,अमृत विचार :** जनपद संभल में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के पद पर आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार रावत ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद एएसपी मनोज कुमार रावत ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। इससे पूर्व मनोज कुमार रावत जनपद गोंडा में अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर करीब दो वर्ष दो माह तक तैनात रहे, जहां उनका कार्यकाल सफल रहा।



# खेल में बच्चों ने लगा दी आग, नौ बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

## फायर ब्रिगेड ने दो घंटे की मशक्कत के बाद बुझाई आग, मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** संभल जनपद के थाना धनारी क्षेत्र में बच्चों के खेलने के दौरान गेहूं के खेत में आग लगने से बड़ा नुकसान हो गया। आग की चपेट में आकर करीब 9 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई, जिससे दो किसानों को तीन लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है।

तहसील गुन्नौर क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर पीपलवाड़ा के जंगल में सोमवार शाम करीब 4 बजे अचानक गेहूं की फसल में आग लग गई। खेतों में धुआं उठता देख आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। शोर सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया, लेकिन तेज हवा और सूखी फसल के कारण आग तेजी से फैलती गई। सूचना मिलने पर दमकल विभाग और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। हालांकि दमकल के पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने काफी प्रयास किए, लेकिन आग पर काबू नहीं पा सके। दमकल टीम ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाया। आग लगने के दौरान खेत में खेल रहे बच्चे मौके से भागकर गांव की ओर चले गए। आशंका जताई जा रही है कि बच्चों के खेलने के दौरान ही आग लगी, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। किसान साबिर ने बताया कि उसके चार बीघा गेहूं की फसल जल गई। एक बीघा में लगभग पांच कुंतल गेहूं उत्पादन हो रहा था, जिसकी बाजार में कीमत करीब 2500 रुपये प्रति कुंतल है। वहीं, पड़ोसी किसान पप्पू की करीब पांच बीघा फसल आग की भेंट चढ़ गई। ग्रामीणों की सतर्कता के चलते आग को आसपास के अन्य खेतों में फैलने से रोक लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि खेत में आग लगने की सूचना मिली थी, लेकिन अभी तक किसी की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है।



आग को बुझाने का प्रयास करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### एचटी लाइन की चिंगारी से पांच बीघा गेहूं राख

**चंदौसी,अमृत विचार :** थाना कुढ फतेहगढ क्षेत्र के एक गांव के जंगल में खेत पर कटे रखे गेहूं पर हाई टेंशन लाइन की चिंगारी गिर गई जिससे गेहूं जलकर राख हो गए मौके पर पुलिस बहुत दमकल पहुंच गई । दमकल ने किसी तरह आग पर काबू पाया । थाना क्षेत्र के गांव पलथा मिठठनपुर निवासी अंगन सिंह के खेत पर पांच बीघा खेत के गेहूं कटे हुए रखे थे। वह गेहूं निकालने के लिए ट्रैक्टर आदि की तलाश करने में लगा हुआ था। जिस जगह गेहूं रखे हुए थे। उसके ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही थी। इसी लाइन से सोमवार की शाम निकली चिंगारी गिर गई। जानकारी होने पर आगन सिंह खेत पर पहुंचा और पुलिस को जानकारी दी।

### भगवान के दर्शन कराने का झांसा देकर वृद्धा से ठगी

**बबराला, अमृत विचार :** भगवान के दर्शन कराने का झांसा देकर टप्पेबाजों ने बुजुर्ग महिला से लाखों के जेवर ले लिए और फरार हो गए। ठगी का एहसास होने पर पीड़िता ने परिजनों को जानकारी दी। परिजनों ने थाना में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

मेडिकल एसोसिएशन के सचिव अनिल गुप्ता और रोटरी क्लब बबराला गंगा के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता की वृद्धा मां मुन्नी देवी सोमवार दोपहर करीब सवा 11 बजे इंदिरा चौक स्थित अपने पुराने घर से लगभग सौ मीटर दूर चंदौसी रोड स्थित छोटे पुत्र के घर जा रही थीं। इसी दौरान स्टेट बैंक के पास एक युवक मिला और उनसे कहा कि वह ईश्वर के साक्षात दर्शन करा सकते हैं। इसके लिए जेवर उतारकर पर्स में रखवा लिए। इसी बीच एक आरोपी ने उनसे पर्स लेकर अपने साथी को दे दिया। इसी दौरान एक बाइक सवार आया और आरोपियों को ले गया।



पीड़ित मुन्नी देवी।

### पिता-पुत्र की हत्या करने वाले सगे भाई पुलिस पकड़ से बाहर



बहजोई कलेक्ट्रेट पहुंचे मृतकों के परिजन व ग्रामीण। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,संभल

● परिजनों व ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए की मांग

**अमृत विचार:** पिकअप लूट के बाद पिता-पुत्र की निर्मम हत्या कर शव शामली में फेंक देने की नसनीखेज वारदात का मास्टरमाइंड अपने सगे भाई के साथ अभी तक फरार है। पुलिस के तमाम प्रयास के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग उठाई। मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर न्याय की मांग की।

सोमवार दोपहर करीब एक बजे तहसील गुन्नौर के थाना धनारी क्षेत्र के गांव भिरावटी निवासी लोग पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान डॉ. सुनील यादव के नेतृत्व में जिला कलेक्ट्रेट बहजोई पहुंचे। यहां उन्होंने जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मृतक नरेश की पत्नी गीता देवी और भीमसेन की पत्नी कुंतेश ने परिवार के भरण-पोषण के लिए आर्थिक सहायता, बच्चों की शिक्षा की समुचित व्यवस्था, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी या रोजगार, पूरे परिवार को स्थायी सुरक्षा तथा घटना में शामिल आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष डॉ. सुनील यादव ने आरोप लगाया कि पुलिस ने मामले में लापरवाही बरती और 6 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज की।

## हत्या के मामले में दो सगे भाइयों को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार :** संभल जनपद के नखासा थाना क्षेत्र में करीब पांच वर्ष पूर्व आलू के पैसों के विवाद में युवक की हत्या के मामले में अदालत ने फैसला सुनाते हुए हत्या के दो सगे भाइयों को दोषी करार दिया है। जिला एवं सत्र न्यायालय ने दोनों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाने के साथ ही कुल 30 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

नखासा क्षेत्र के हसनपुर रोड स्थित ग्लोरियस कोल्ड स्टोरेज से जुड़ा है। रुकनुद्दीन सराय का रहने वाला सलीम 30 अगस्त 2021 को सुबह 9 बजे पल्लेदारी करने के लिए ग्लोरियस कोल्ड स्टोर गया था और फिर वापस नहीं लौटा। अगले दिन परिजन उसकी तलाश में लिए कोल्ड स्टोरेज पहुंचे तो कोल्ड स्टोरेज के पानी के टैंक में सलीम की लाश पड़ी मिली थी। इस मामले में सलीम के भाई अबरार ने कल्लू उर्फ अय्यूब,उसके भाई फारुख उर्फ नेता व कोल्ड स्टोरेज मालिक हाजी असजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. विदुषी सिंह की अदालत ने मृतक सलीम की हत्या के मामले में अभियुक्त कल्लू उर्फ अय्यूब और फारुख उर्फ नेता निवासी गांव रुकनुद्दीन सराय को दोषी मानते हुए सजा सुनाई। जिला शासकीय अधिवक्ता राहुल दीक्षित ने बताया कि अदालत ने दोनों आरोपियों को आजीवन कारावास एवं 25 हजार रुपये और 5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। उन्होंने बताया कि आरोपी फारुख को वर्ष 2021 में पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था, जिसके बाद से वह लगातार जेल में बंद रहा। उसकी जमानत याचिका भी हाईकोर्ट द्वारा खारिज कर दी गई थी।



सजा सुनाए जाने के बाद दोषी को ले जाती पुलिस। ● अमृत विचार

● गिरफ्तारी के बाद से ही जेल में था एक आरोपी, 30 हजार जुर्माना

● नखासा थाना क्षेत्र में पांच साल पहले हुई थी घटना

## संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान की हुई समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, संभल/बहजोई

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पेंसिया की अध्यक्षता में 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चल रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचालित दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक की शुरुआत डिप्थीरिया आउटब्रेक की रोकथाम को लेकर की गई, जिसमें अभियान के उद्देश्य, महत्वपूर्ण तिथियां, कार्यक्रम की रूपरेखा, लक्षित समूह, टीकाकरण श्रेणियां और जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन रणनीति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही विभिन्न विभागों के बीच समन्वय, प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता, डिजिटल रिपोर्टिंग और डेटा प्रबंधन, एईएफआई प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था पर भी विस्तार से चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि टीकाकरण अभियान के लिए माइक्रो प्लान स्कूल एवं छात्र-छात्राओं के आधार पर तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि टीकाकरण और बच्चों के बैठने के लिए अलग-अलग कक्षों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही आशा, आंगनबाड़ी और एएनएम की बैठकों में ग्राम स्तर के अधिक से अधिक लोगों को शामिल कर जनभागीदारी बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि अभियान की प्रगति को लेकर साप्ताहिक बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित की जाए, जबकि मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में प्रतिदिन समीक्षा बैठक सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए निर्देश दिए कि जिन अधिकारियों या कर्मचारियों द्वारा अभियान के अंतर्गत कार्य में लापरवाही बरती जा रही है, उन्हें कठोर चेतावनी जारी की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज बिश्नोई, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, जिला पंचायती राज अधिकारी चेतेन्द्र पाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

### मिनी स्टेडियम का डीएम ने किया निरीक्षण

**संभल/बहजोई , अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ . राजेंद्र पैंसिया ने बहजोई स्थित काली मंदिर के निकट बने मिनी स्टेडियम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्टेडियम परिसर की साफ-सफाई पर ध्यान देने को कहा। मैदान में कई स्थानों पर गड्ढे हो गए हैं, जिस पर उन्होंने तत्काल प्रभाव से उन्हें भरवाने के निर्देश दिए, ताकि बच्चों को खेलकूद के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने स्टेडियम परिसर में बनी शूटिंग रेंज का भी निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान मौजूद बच्चों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि कुछ बाहरी लोग स्टेडियम परिसर में आकर शराब का सेवन करते हैं, जिससे खेल गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस मामले को गंभीरता से लिया जाए और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कहा कि स्टेडियम परिसर में अनुशासन और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।



मिनी स्टेडियम का निरीक्षण करते डीएम।

## आंबेडकर जयंती को भव्य बनाने की तैयारी, डीएम ने दिए निर्देश

● डीएम ने शहर व ग्रामीण इलाकों में साफ सफाई के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती को भव्यता से मनाए जाने के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां-जहां जयंती समारोह आयोजित किए जाएंगे, वहां साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत और बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो और कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो। जिलाधिकारी ने समस्त कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि 14 अप्रैल को प्रातः 10 बजे अपने-अपने कार्यालयों में बाबा साहब की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। कलेक्ट्रेट सभागार में भी प्रातः 10 बजे मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें अधिकारी एवं कर्मचारी सहभागिता सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक, जिला विकास अधिकारी राम आशीष सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



बहजोई में आंबेडकर जयंती को लेकर बैठक करते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

### डा. आंबेडकर ने किया था छुआछूत का विरोध

**चंदौसी, अमृत विचार :** महापुरुष स्मारक समिति तत्वावधान में कृष्णा नगर स्थित आदर्श बाल विद्या मंदिर में जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को मोमबत्ती जलाकर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई । कार्यक्रम में कवि माधव मिश्र ने कहा कि जलियांवाला बाग हत्याकांड भारत के पंजाब प्रांत के अमृतसर में स्वर्ण मंदिर के निकट जलियांवाला बाग में हुआ था। कवि माधव मिश्र कहा कि भारत के संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर का जन्म मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के महू कस्बे में 14 अप्रैल 1891 को हुआ था। आंबेडकर ने अपने संदेश देते हुए कहा शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। छुआछूत का खुलकर विरोध किया। अध्यक्षता जीवन दास शर्मा ने की व संचालन अरविन्द कुमार ने किया। कार्यक्रम में राहुल गौड़, राजवीर सिंह, सुरेश चंद्र शर्मा, दुष्यंत कुमार, वेदराम मौर्य, अनिल कुमार शर्मा, गेंदनलाल, डॉ . जितेन्द्र वर्मा, रामकिशोर अग्रवाल, दिव्यांशु, हेमन्त कुमार गुप्ता, ऋचा प्रकाश सैनी, अन्नू, नीतू, काजल, श्यामा शर्मा, लक्ष्मी, रुचि आदि मौजूद रहे।



चंदौसी में आंबेडकर जयंती मनाते समिति के पदाधिकारी।

## न्यूज डायरी

### उपेंद्र तोमर बने रजपुरा शुगर मिल के यूनिट हेड

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** डीएसएम शुगर मिल रजपुरा में नव नियुक्त यूनिट हेड उपेंद्र तोमर ने विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। समारोह के दौरान कंपनी के एमडी गौरव गोयल, कुंवर ईशान गोयल एवं सीओ अक्षत कपूर ने नए यूनिट हेड को तिलक लगाकर व माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं, पूर्व यूनिट हेड को धामपुर शुगर मिल, धामपुर में नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं , इकबाल सिंह, राजन कुमार दीक्षित, संजीव कुमार , संतोष चौहान, अमित अग्रवाल, अवतार सिंह, सुधीर त्यागी, अंचल बिंदल, आकाश ठाकुर सहित अनेक अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



### अनुमति मिलने के बाद ही होगा आंबेडकर प्रतिमा का अनावरण

**चंदौसी, अमृत विचार :** थाना कुढ फतेहगढ़ के गांव दारनी में आंबेडकर प्रतिमा की स्थापना को लेकर रविवार को विवाद के बाद देर रात पुलिस प्रशासन ने प्रतिमा को ढकवा दिया। अब इसका अनावरण अनुमति मिलने के बाद ही होगा। प्रशासन गांव के हालात पर नजर बनाए हुए है। गांव दारनी में दलित समाज के लोगों ने लगभग 300 गज की निजी भूमि पर काफी दिन पहले एक स्तंभ का निर्माण कर लिया था। जिसकी भनक पुलिस-प्रशासन को नहीं लगी। शनिवार की रात इस स्तंभ पर ग्रामीणों ने डॉ .भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी। सुबह जब इसकी भनक पुलिस को लगी तो थाना प्रभारी लोकेंद्र त्यागी एसडीम आशुतोष तिवारी, सीओ दीपक तिवारी, तहसीलदार रवि सोनकर आदि भी गांव पहुंच गए थे। पुलिस प्रशासन ने प्रतिमा हटवाने की कवायद शुरू की तो ग्रामीण एकजुट हो गए और विरोध करने लगे।





### एमएलसी डा. व्यस्त ने किया सड़क निर्माण का शुभारंभ

**चंदौसी, अमृत विचार :** मलिन बस्ती लोधियान में ढाई किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इस सड़क को बनाने में लगभग दो करोड़ रुपये खर्च होंगे। सोमवार को इसका शुभारंभ एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त ने विधि विधान से पूजा अर्चना करके किया। लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जाने वाली इस सड़क का शिलान्यास वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच नारियल तोड़कर किया गया। विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी विधायक और उत्तर प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी और उनकी ब्लॉक प्रमुख बेटी डॉ . सुगंधा सिंह शामिल रहीं। यह सड़क ढाई 2 .5 किलोमीटर लंबी और 4 .75 मीटर चौड़ी बनेगी। इस सड़क के बनने से मलिन बस्ती और मुख्य मार्ग के बीच की दूरी कम हो जाएगी।

### गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार में सजा दीवान

**संभल, अमृत विचार :** क्षेत्र के गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार में बैसाखी पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में सुबह से ही संगत का तांता लगा रहा। गुरुद्वारा परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया और श्रद्धालुओं ने गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेककर सुख-समृद्धि की कामना की। धार्मिक आयोजन की शुरुआत सुखमनी साहिब के पाठ से हुई, जिसके बाद गुरु महिमा का कीर्तन दरबार सजाया गया। रागी जत्थों ने गुरबाणी का मधुर गायन कर संगत को भावविभोर कर दिया। इसके पश्चात अरदास कर समस्त मानवता के कल्याण की कामना की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने बैसाखी पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सिख इतिहास में यह दिन अत्यंत विशेष स्थान रखता है। इसी दिन वर्ष 1699 में दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना कर सिख धर्म को नई दिशा और पहचान दी थी। खालसा पंथ सेवा, त्याग, समर्पण, साहस और उच्च आदर्शों का प्रतीक है, जो समाज को सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। बैसाखी को नई फसल, खुशहाली और समृद्धि का पर्व भी माना जाता है। कार्यक्रम के समापन पर गुरु का अटूट लंगर लगाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। लंगर सेवा में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान हरदीप सिंह, गुरजीत सिंह, धर्म सिंह, गुरविंदर सिंह, बलविंदर सिंह, कुलदीप सिंह, अमरीक सिंह, सतपाल सिंह, कुलबीर सिंह, दौलत राम, मुन्ना लाल, विनोद, सत्यपाल सिंह, दीप सिंह, सुरजीत कौर आदि लोग मौजूद रहे।

## आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर की सफाई

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सरायतारीन स्थित पातालेश्वर मंदिर के समीप बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर परिसर की साफ-सफाई की और उसके बाद भव्य दीपोत्सव का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलकर संविधान की रक्षा और समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जानकारी दी कि 14 अप्रैल को बाबा साहब की जयंती के अवसर पर पूरे जिले के प्रत्येक बूथ पर भाजपा कार्यकर्ता उनके चित्र पर माल्यार्पण कर हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित करेंगे और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सौरभ गुप्ता, जिला मंत्री चरण सिंह भारती, सुरेश अटल, आलोक भारती, अक्षित अग्रवाल, गणेश शर्मा, बालमुकुंद शर्मा, मुकेश शर्मा, निक्की वाल्मीकि, कल्लू राम सैनी, महावीर जाटव, सैयद शान अली, जितेंद्र सैनी, सुमित श्याम, नीतीश वार्ष्णेय, आजम कुरैशी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान श्रद्धा, स्वच्छता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया।



मोमबत्ती जलाकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि देते भाजपा जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी।

● मंडल स्तर पर कार्यक्रम होंगे आयोजित

### भाजपाइयों ने दी बाबा साहब को श्रद्धांजलि

**चंदौसी, अमृत विचार :** भाजपा नगर मंडल चंदौसी ने बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर सोमवार को खुर्जा गेट स्थित अम्बेडकर पार्क पर बाबा साहब की प्रतिमा पर स्वच्छता अभियान चला दीपदान कर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में पूर्व विधान परिषद सदस्य चंद्रपाल सिंह पप्पू चौधरी, ब्लॉक प्रमुख डॉ सुगंधा सिंह, नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने विचार व्यक्त किए। संचालन नगर महामंत्री तरुण कुमार नीरज ने किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री मनोज कठेरिया, जिला कोषाध्यक्ष अंकित जैन, विनोद कुमार विन्नी, सुशील पाल, बाबूराम, अमर शर्मा, राजेश पाल, राजकुमार ठाकरे, शीला सागर, मोहित दिवाकर, शरद शर्मा, मनोज दिवाकर, सूर्यजीत सिंह, निशांत शर्मा, संजय राजोरिया, विनोद प्रिंस, रीता सिंह, कैलाश चटवाल, राहुल जाटव, सुरेश गौतम, सुनील प्रधान आदि लोग रहे।

### सात खंड शिक्षा अधिकारियों के किए तबादले

**संभल,अमृत विचार:** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा ने जनपद में प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 7 खंड शिक्षा अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। तबादला सूची के मुताबिक पोप सिंह को बीईओ असमोली नियुक्त किया गया है, जबकि विनोद कुमार को पवासा का बीईओ बनाया गया है। वहीं विनोद कुमार मेहरा को रजपुरा ब्लॉक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा एमएल पटेल को बीईओ बनियाखेड़ा नियुक्त किया गया है। उनके पास बहजोई और चंदौसी ब्लॉक का अतिरिक्त प्रभार भी रहेगा। अरुण कुमार को गुन्नौर ब्लॉक का बीईओ बनाया गया है। इसी क्रम में अंशुल कुमार को संभल का बीईओ नियुक्त किया गया है, जो नगर संभल का कार्यभार भी संभालेंगे। देवेंद्र कुमार सिंह को जुनावई ब्लॉक का बीईओ बनाया गया है।

